# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, मंगलवार, 17 जून 2025






# शांति के साथ समृद्धि और विकास की ओर बढ़ता बस्तर

**अब बस्तर एक संदेश है- संभावनाओं का, समावेश का और स्वाभिमान का**

## सरकार की सकारात्मक नीतियों से खुले कृषि, उद्योग, पर्यटन, शिक्षा और तकनीकी उन्नयन के नए रास्ते

घने जंगलों और प्राकृतिक संसाधनों से भरा-पूरा बस्तर वर्षों तक विकास से अछूता रहा। अपनी विशिष्ट जनजातीय संस्कृति और मनोरम प्राकृतिक दृश्यों से अक्सर चर्चा में रहने वाले बस्तर को माओवादी हिंसा का दंश भी झेलना पड़ा, लेकिन अब यहां शांति के साथ विकास के एक नए युग की शुरुआत हो रही है। बस्तर द्रुत गति से प्रगति पथ की ओर बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अगुवाई में "विकसित बस्तर" का विजन धरातल पर उतरता दिख रहा है। यह एक समग्र रणनीति है, जिसमें कृषक, महिला, युवा उद्यमी और आदिवासी समुदायों के समावेशी विकास को प्राथमिकता दी गई है। 'नियद नेल्ला नार' जैसे कार्यक्रम के जरिए माओवाद प्रभावित गांवों में सरकारी सेवाओं और सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित की जा रही है साथ ही, युवाओं का कौशल उन्नयन कर उन्हें रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। कृषि में नवीनतम अनुप्रयोगों का दौर भी शुरू है। कृषकों को भरपूर सहायता दी जा रही है साथ ही सिंचाई परियोजनाओं के विस्तार हेतु व्यापक प्रयास किया जा रहे हैं। इन सम्मिलित प्रयासों से बस्तर अब सतत् आगे बढ़ रहा है और प्रगति के नए आयाम गढ़ रहा है।

"विकसित बस्तर केवल एक नारा नहीं, यह उस बदलाव की कहानी है जो बस्तर को एक आत्मनिर्भर, समावेशी और सशक्त क्षेत्र के रूप में स्थापित करेगा। यह पहल न सिर्फ वर्तमान को संवार रही है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक मजबूत नींव रख रही है। हमारा लक्ष्य केवल विकास नहीं, समावेशी विकास है। ऐसा विकास जिसमें बस्तर के हर किसान, महिला, युवा और आदिवासी भाई बहन की भागीदारी हो। विकसित बस्तर की यह योजना सिर्फ आर्थिक प्रगति नहीं, बल्कि सामाजिक सशक्तिकरण का माध्यम है। हमने ठाना है, कि बस्तर को वह पहचान दिलाई जाए जिसका वह वास्तव में हकदार है। आत्मनिर्भर, गौरवशाली और प्रगतिशील बस्तर। यह परिवर्तन कोई सपना नहीं, बल्कि धरातल पर उतरती हकीकत है।"

-श्री विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

### बस्तर में उद्योगों की वर्तमान स्थिति

**690** MSME इकाइयां संचालित

लौह अयस्क के निर्यात से **102** करोड़ रुपये की वार्षिक आमदनी

प्रमुख कंपनियाँ: NMDC, Essar, ब्रज इस्पात, AMNS इंडिया





## सरकार के वह प्रयास, जिनसे बदल रही बस्तर की पहचान

### कौशल विकास और रोज़गार

- मुख्यमंत्री कौशल विकास, पीएम कौशल योजना और नियद नेल्ला नार जैसे कार्यक्रमों से युवाओं को प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर
- 90,273 युवाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण
- 39.137 युवाओं को सीधे रोज़गार के अवसर
- 32 नए कौशल विकास केंद्रों की स्थापना
- आत्मनिर्भर समर्पण नीति 2025 के तहत आत्मसमर्पित माओवादियों में से 222 को रोजगार हेतु प्रशिक्षण



### संस्कृति और प्रकृति के साथ विकास

- बस्तर दशहरा को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने का प्रयास
- बस्तर पर्यटन सर्किट का विकास
- स्थानीय संस्कृति और परंपरा के प्रचार-प्रसार पर जोर
- स्थानीय युवाओं को टूरिस्ट गाइड प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर
- तीरथगढ़ जलप्रपात पर ग्लास ब्रिज का निर्माण



**बस्तर में चहुंमुखी विकास**



### स्थानीय संसाधनों से समृद्धि

- औद्योगिक नीति 2024-30 के तहत बस्तर संभाग को विशेष प्रोत्साहन
- स्टील उद्योग को 15 वर्षों तक रॉयल्टी प्रतिपूर्ति
- आत्मसमर्पित नक्सलियों हेतु रोजगार अवसर और वेतन सब्सिडी
- ST/SC वर्गों को उद्योग स्थापना हेतु अतिरिक्त 10% सब्सिडी
- 28 विकासखंडों में रखा MSME, खनिज, कृषि, फूड प्रोसेसिंग, वनोपज और पर्यटन उद्योगों को विशेष बढ़ावा
- नई औद्योगिक नीति में आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को विशेष प्राथमिकता
- बस्तर में बड़े उद्योगों की स्थापना की तैयारी
- घरेलू व लघु उद्योगों को भी बढ़ावा और क्षेत्रीय उत्पादों को बाज़ार से जोड़ना
- उद्योगों में 40% तक महिलाओं की सहभागिता का लक्ष्य



### किसानों की समृद्धि से बस्तर की खुशहाली

- जलवायु के अनुकूल मक्का और मिलेट्स उत्पादन के उत्पादन को प्रोत्साहन
- फसल विविधीकरण, जैविक खेती और सिंचाई का विस्तार
- किसानों की आय बढ़ाने के लिए खेती में आधुनिक तकनीकों का समावेश
- प्रोसेसिंग यूनिट और मार्केटिंग चैनल्स के जरिए कृषि उत्पादों का उचित मूल्य और बाज़ार उपलब्धता
- परंपरागत मोटे अनाजों को बढ़ावा देकर पोषण और आय दोनों बढ़ाना
- ऑर्गेनिक खेती को अंतरराष्ट्रीय बाज़ार से जोड़ने की दिशा में प्रयास
- मत्स्य पालन, बकरी पालन एवं शूकर पालन के लिए बजट में अतिरिक्त प्रावधान

### सिंचाई सुविधाओं के विस्तार की भावी योजना

## बोधघाट और इंद्रावती-महानदी इंटरलिंकिंग परियोजना

45 साल से अधर में लटकी बोधघाट परियोजना को लेकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से चर्चा की है और जल्द ही इस पर फिर से काम शुरू होगा। इस परियोजना से बस्तर सहित आधे छत्तीसगढ़ में दोनों सीजन में कुल मिलाकर सात लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी, साथ ही 125 मेगावॉट बिजली का उत्पादन होगा। इंद्रावती-महानदी लिंकिंग परियोजना से छत्तीसगढ़ के मैदानी इलाकों के किसानों को भी इसका लाभ मिलेगा। इंद्रावती नदी पर आधारित बोधघाट परियोजना का लक्ष्य दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर, राजनांदगांव, कवर्धा और मुंगेली जैसे जिलों में सिंचाई सुविधा प्रदान करना है। इसके अलावा, इससे हाइड्रो पावर के माध्यम से बिजली उत्पादन भी किया जाएगा।

### बस्तर का भविष्य: समृद्धि और विकास



**आत्मसमर्पित नक्सलियों को स्थायी आश्रय**
आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल पीड़ित परिवारों के लिए 15,000 प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति

**बस्तर ओलंपिक 2024**
बस्तर के युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा निखारने का मिला शानदार मौका

**मुख्यमंत्री सम्मान निधि**
बैगा, गुनिया और सिरहा को 5,000 रुपये की सालाना सम्मान निधि का लाभ

**अखरा निर्माण विकास योजना**
जनजातीय गांवों में खेल और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए नई योजना

**मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजना**
माओवाद प्रभावित जिलों के विद्यार्थियों को तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा के लिए ब्याज रहित ऋण व अन्य जिलों के विद्यार्थियों को 1% ब्याज दर पर ऋण

**वन अधिकार अधिनियम में बदलाव**
वन अधिकार पत्रधारकों के वारिसों को वन भूमि का हस्तांतरण मिलेगा

### विगत डेढ़ वर्षों में...

| | |
|---|---|
| 64 नए फॉरवर्ड सुरक्षा कैंपों की स्थापना | 325 गाँवों में 17 विभागों की 53 योजनाओंऔर 31 सुविधाओं से विकास |
| 435 से अधिक माओवादियों को न्यूट्रलाइज किया, 1432 से अधिक ने किया आत्मसमर्पण | हेलीकॉप्टर नाइट लैंडिंग सुविधा के लिए 68 हैलीपैड पूर्ण, 13 निर्माणाधीन |
| 275 किलोमीटर नई सड़कों का निर्माण | 25,044 आयुष्मान कार्ड बना |
| 45,287 ग्रामीणों का आधार कार्ड बना | 98,172 ग्रामीणों का राशन कार्ड बना |
| 607 नए मोबाइल टावरों की स्थापना | 50 स्कूलों का पुन: संचालन शुरू |




मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से जुड़ने के लिए Q.R. Code स्कैन करें

**पर्यटन विकास** | **सांस्कृतिक पहचान से समृद्धि की ओर**

## बस्तर दशहरा को अंतरराष्ट्रीय पहचान, पर्यटन सर्कल से खुलेंगे नए रास्ते

बस्तर दशहरा की अपनी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान है, जिसे अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर ले जाने की योजना बनाई गई है। यह न केवल पर्यटन को बढ़ावा देगा, बल्कि स्थानीय हस्तशिल्प, पारंपरिक व्यंजन और सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों को वैश्विक पहचान दिलाएगा। बस्तर पर्यटन सर्किट को विकसित करने, तीरथगढ़ जलप्रपात पर पारदर्शी पुल बनाने और स्थानीय युवाओं को पर्यटक गाइड के रूप में प्रशिक्षित करने की योजनाएं रोजगार, निवेश और सांस्कृतिक जागरूकता के तीनों पहलुओं को साधती हैं। बस्तर के धुड़मारास गांव को संयुक्त राष्ट्र संघ की तरफ से सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव के रूप में मान्यता मिलना इस बात का प्रमाण है। मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में सरकार द्वारा बस्तर में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए होम स्टे, कैंपिंग और ईको पर्यटन की सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। बस्तर जिले



में कोसारटेडा सिंचाई जलाशय को अब ईको-टूरिज्म हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। इससे यहां के महिला स्व-सहायता समूहों और ग्रामीण युवाओं को रोजगार का अवसर मिलेगा। चित्रकोट जलप्रपात क्षेत्र को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर के पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना पर काम चल रहा है।

### बस्तर पंडुम और बस्तर ओलंपिक

बस्तर में विकास के रास्ते बनाने के लिए सकारात्मक बेहद जरूरी है। युवाओं को खेल और सृजनात्मक गतिविधियों से जोड़कर उन्हें भरम और भटकाव के रास्ते से दूर रखना भी बेहद जरूरी है। इसी बात को समझते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर 'बस्तर ओलंपिक' जैसे बड़े खेल महोत्सव का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस भव्य आयोजन में 1 लाख 65 हजार से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने अपनी भागीदारी दर्ज कराई। इसके साथ ही सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़े 'बस्तर पंडुम महोत्सव' का भी विगत दिनों गरिमामय आयोजन हुआ। महोत्सव में जनजातीय नृत्य, गीत, नाट्य और वाद्ययंत्र, पारंपरिक वेशभूषा, आभूषण, शिल्प-चित्रकला और जनजातीय व्यंजनों पर आधारित स्पर्धाएं और प्रदर्शनी का आयोजन हुआ, जिससे बस्तर की संपन्न जनजातीय संस्कृति से लोगों को रूबरू होने का मौका मिला। 47000 से अधिक स्थानीय कलाकारों ने इस महोत्सव में अपनी सहभागिता दर्ज कराई।




### अंदरुनी गांवों में 'नियद नेल्ला नार योजना' से समग्र विकास



बस्तर के माओवाद प्रभावित अंदरूनी इलाकों में 64 नए फॉरवर्ड सुरक्षा कैंपों की स्थापना की गई है। इन सुरक्षा कैंपों के इर्द-गिर्द बसे गांवों में अब बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं पहुंच रही हैं। 'नियद नेल्ला नार योजना' के तहत चिन्हित 146 ग्रामों में 18 सामुदायिक सेवाएं और 25 तरह की सरकारी योजनाएं एक साथ क्रियान्वित की जा रही हैं। ग्रामीणों को राशन कार्ड, आधार, पेंशन, स्वास्थ्य परीक्षण, स्कूल प्रवेश, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला गैस जैसी योजनाओं का दिया जा रहा है।

### कृषि में नवाचार का दौर

बस्तर की अर्थव्यवस्था का मूल आधार आज भी कृषि और वनों पर आधारित जीवनशैली है। यहां किसानों की आय को दोगुना करने के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं। इसमें कृषि उत्पादों की प्रोसेसिंग, ब्रांडिंग और मार्केटिंग पर विशेष ज़ोर है। मोटे अनाज जैसे कोदो, कुटकी और रागी को बढ़ावा देना 'मिलेट मिशन' का हिस्सा है, जो पोषण और आय दोनों में वृद्धि कर सकता है। इसके अलावा, कृषि यांत्रिकीकरण को बढ़ावा देने के लिए हर ब्लॉक स्तर पर कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं। यह कदम छोटे किसानों को आधुनिक संसाधनों से जोड़ने में मदद करेगा। ड्रोन दीदियों की मदद से फसलों पर दवा छिड़काव के साथ-साथ अन्य तकनीकी कृषि उपकरणों के प्रयोग से यहां के प्रगतिशील आदिवासी किसान उन्नत खेती की ओर अग्रसर हो रहे हैं।



### बेहतर भविष्य के लिए कौशल उन्नयन

बस्तर के युवाओं को अब तक या तो शहरी पलायन का विकल्प मिलता था या नक्सल संगठनों की ओर से बहकाने वाले रास्ते। "विकसित बस्तर" परिस्थिति को जड़ से बदलने का प्रयास है। इसमें 90 हजार युवाओं को कौशल प्रशिक्षण और 40 हजार युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है। 32 नए कौशल विकास केंद्रों की स्थापना से यह प्रयास ज़मीन पर आकार लेता दिख रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने नक्सल प्रभावित बस्तर के कांकेर और कोंडागांव जिलों में स्कूली बच्चों के लिए एक महत्वपूर्ण योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत, बच्चों को रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की शिक्षा दी जाएगी। यह पहल आदिवासी बच्चों के कौशल विकास को ध्यान में रखते हुए की गई है।



### नई नक्सली पुनर्वास नीति

आत्मसमर्पित नक्सलियों के लिए पुनर्वास नीति 2025 में रोजगार और पुनर्वास की ठोस व्यवस्था है। यह केवल कानून-व्यवस्था का समाधान नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता की ओर उठाया गया बड़ा कदम है। पुनर्वास की नई नीति के तहत आत्मसमर्पित नक्सलियों और हिंसा के पीड़ितों को 15,000 घर बनाकर दिए जाएंगे। कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा और 10,000 रुपए प्रति माह का वजीफा दिया जाएगा। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के लिए पुनर्वास की ठोस नीति राज्य सरकार ने तैयार की है, जिससे उन्हें वापस समाज की मुख्य धारा में जुड़कर जीवन यापन करने में किसी भी तरह की दिक्कत ना हो। पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर राज्य में बड़ी संख्या में नक्सली, आत्म समर्पण के लिए आगे भी बढ़ रहे हैं।



### स्थानीय उद्यमियों के लिए सुनहरा अवसर

राज्य की नई औद्योगिक नीति के अंतर्गत बस्तर संभाग के स्थानीय युवाओं, महिला उद्यमियों और आत्मसमर्पित नक्सलियों को उद्यमिता की धारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। नई नीति में इस क्षेत्र के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं, जैसे इस्पात उद्योगों को 15 वर्षों तक रॉयल्टी की प्रतिपूर्ति और आत्मसमर्पित नक्सलियों को नौकरी देने वाले संस्थानों को 5 वर्षों तक उनके वेतन का 40% सब्सिडी देना। यह कदम न केवल बस्तर की सामाजिक संरचना को सुदृढ़ करेगा, बल्कि निजी क्षेत्र को भी सामाजिक जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा देगा। नई औद्योगिक नीति में बस्तर क्षेत्र में लघु उद्योगों को प्रोत्साहन के साथ पर्यटन विकास के लिए भी व्यापक प्रावधान किये गए हैं।



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


पहला दिन



कहीं तिलक लगाकर मिठाई खिलाई, कहीं बहिष्कार भी

- स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश
- छात्रों में दिखी गजब की खुशी
- निजी स्कूलों ने बंद रखीं कक्षा दूसरी तक की कक्षाएं

# स्कूल खुले, पर गर्मी ने पहले दिन ही बदलवा दिया समय, आज से कक्षाएं 7 से 11 बजे तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ग्रीष्मकालीन अवकाश समाप्त होने के साथ ही सोमवार से नवीन शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हो गई। पहले दिन ही स्कूल शिक्षा विभाग को समय बदलने आदेश जारी करना पड़ा। मंगलवार से कक्षाएं सुबह 7 बजे से लगेंगी। छात्रों को 11 बजे छुट्टी दे दी जाएगी। ऐसा भीषण गर्मी को देखते हुए किया गया है। समय परिवर्तन संबंधित यह आदेश केवल वर्तमान सप्ताह अर्थात 17 जून से ▶▶|शेष पेज 5 पर

खास खबर



### अधिकारी करेंगे स्कूलों का निरीक्षण

नवीन शैक्षणिक सत्र के पहले दिन सीएम विष्णुदेव साय ने कहा, प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने राज्य में योजना चलाई जाएगी। मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान की शुरुआत की जा रही है। इसके अंतर्गत मंत्री, विधायक और कलेक्टर स्कूल जाएंगे। स्कूल जाकर वे तमाम व्यवस्थाओं का निरीक्षण करेंगे। मुख्यमंत्री साय ने कहा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत यह सुनिश्चित करने की कोशिश की जा रही है कि कक्षा 12वीं तक स्कूल छोड़ने की दर को धीरे-धीरे शून्य किया जाए। शैक्षणिक अवरोधों की पहचान कर उन्हें दूर करने की कोशिश की जाएगी।

### जिज्ञासा के साथ पूछें प्रश्न



सीएम ने छात्रों के लिए सोशल साइट एक्स पर संदेश भी लिखा। इसमें उन्होंने कहा, नई किताबों की खुशबू, नई कक्षा का उत्साह और नए सपनों के साथ फिर से एक नई शुरुआत हो रही है। मैं आप सभी से कहना चाहता हूं कि खूब मन लगाकर पढ़िए, जिज्ञासा के ▶▶|शेष पेज 5 पर

## इधर, ये भी हुआ

### दृष्टिबाधित व दिव्यांग शिक्षकों के भरोसे स्कूल, गिधाली में तालाबंदी



दल्लीराजहरा। नए सत्र के पहले दिन विकासखंड के अंतर्गत ग्राम गिधाली में शिक्षा व्यवस्था की बदहाली के विरोध में ग्रामीणों ने शासकीय प्राथमिक शाला में तालाबंदी कर दी। सैकड़ो ग्रामीणों का कहना है कि इस स्कूल में जो शिक्षक हैं उनमें एक पूर्णतः दृष्टिबाधित हैं और दूसरे शिक्षक गंभीर रूप से शारीरिक रूप से दिव्यांग हैं। पढ़ाई को दोनों के भरोसे छोड़ दिया गया है, जिससे बच्चों की शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। पालकों ने यह भी आरोप लगाया कि बार-बार शिकायत करने ▶▶|शेष पेज 5 पर

### स्कूल गेट पर पालकों ने जड़ा ताला कहा- नहीं चाहिए हमें ये प्रधानपाठक



धमतरी। प्रवेशोत्सव के पहले दिन 16 जून सोमवार को जिले के बोकराबेड़ा स्कूल में पदस्थ प्रधानपाठक का बहिष्कार करते हुए पालकों ने स्कूल के मेन गेट पर ताला लगा दिया और नारेबाजी करते हुए मांग पूरी करने कहा। इस दौरान स्कूली बच्चे, पालक, स्कूल स्टाफ घंटेभर तक बाहर खड़े रहे। सूचना मिलने पर नगरी बीआरसी मौके पर पहुंचे। एक सप्ताह के अंदर उचित कार्रवाई का आश्वासन मिलने पर ग्रामीण शांत हुए। इसके बाद मेन गेट का ताला खोला गया और प्रवेशोत्सव मनाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि यहां पदस्थ ▶▶|शेष पेज 5 पर


वालकिंस गंगा

USFDA स्वीकृत आयुर्वेदिक उपचार

HIFU स्किन टाइटनिंग

परामर्श सिर्फ 199/-


डॉ. सुकृति अरोरा

शंकर नगर, रायपुर

9238709001


## खबर संक्षेप

### सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री कार्यालय शनिवार को खुले रहेंगे




नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को फैसला किया कि 14 जुलाई से हर शनिवार उसकी रजिस्ट्री और कार्यालय खुले रहेंगे। परंपरा के अनुसार, शीर्ष अदालत की पीठें शनिवार को अदालतें नहीं लगाती हैं।

### पर्यटकों के लिए दुधवा उद्यान के दरवाजे बंद



लखीमपुर खीरी। दुधवा राष्ट्रीय उद्यान और किशनपुर अभयारण्य को इस वर्ष के सत्र के समापन के बाद पर्यटकों के लिए बंद कर दिया गया। अधिकारियों ने रविवार शाम पर्यटकों के अंतिम जत्थे को गर्मजोशी से विदाई दी।

### एसबीआई की ब्याज दरों में 0.5 फीसदी कटौती



नई दिल्ली। एसबीआई ने ब्याज दरों में 0.5 प्रतिशत की कटौती की है, जिससे मौजूदा तथा नए उधारकर्ताओं दोनों के लिए ऋण सस्ता हो गया है। नीतिगत दर में 0.5 प्रतिशत की कटौती के बाद एसबीआई ने निर्णय लिया है।

### अमिताभ कांत ने जी-20 शेरपा पद से दिया इस्तीफा



नई दिल्ली। अमिताभ कांत ने जी20 शेरपा के पद से इस्तीफा दे दिया है। केरल कैडर के 1980 बैच के सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी कांत को जुलाई 2022 में जी20 शेरपा नियुक्त किया गया था।

### टीला धंसने के मामले में मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश



मथुरा। मथुरा जनपद में रविवार दोपहर को मिट्टी की खुदाई के दौरान टीला धंसने से ढह गए मकानों के मलबे में दो बहनों समेत तीन व्यक्तियों की मौत के प्रकरण में जिलाधिकारी ने मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिए हैं।


सोलहवीं जनगणना के लिए अधिसूचना जारी, 13,000 करोड़ रुपए का आ सकता है खर्चा

# 94 साल बाद देश जानेगा किस जाति के कितने लोग, 1 अक्टूबर से होगा हिसाब-किताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

साल 2011 में हुई पिछली जनगणना के 16 साल बाद सरकार ने भारत की 16वीं जनगणना 2027 में कराने के लिए सोमवार को अधिसूचना जारी की, जिसमें जाति गणना भी शामिल होगी। अधिसूचना में कहा गया है कि लद्दाख जैसे बर्फीले क्षेत्रों में जनगणना एक अक्टूबर 2026 की संदर्भ तिथि तथा देश के बाकी हिस्सों में एक मार्च 2027 की संदर्भ तिथि से की जाएगी। इसमें कहा गया, उक्त जनगणना के लिए केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू- कश्मीर और हिमाचल प्रदेश तथा उत्तराखंड के बर्फ बारी वालों क्षेत्रों के अलावा बाकी राज्यों के लिए संदर्भ तिथि एक मार्च, 2027 को 00.00 बजे होगी। इसमें कहा गया है कि लद्दाख और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर तथा हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों के बर्फ से ढके क्षेत्रों के लिए संदर्भ तिथि एक अक्टूबर 2026 को 00:00 बजे होगी। देश भर से जनसंख्या संबंधी आंकड़े उपलब्ध कराने का यह विशाल कार्य लगभग 34 लाख गणनाकर्ताओं और ▶▶|शेष पेज 5 पर

*मोदी सरकार ने सोमवार को जनगणना 2027 को अधिसूचित कर दिया है। इससे अब आधिकारिक तौर पर जनगणना का प्रोसेस शुरू हो गया है। यह 2011 के बाद देश की पहली जनगणना होगी। जनगणना का काम दो फेज में पूरा होगा। भारत में पहली बार जाति जनगणना 1931 में हुई थी।*



| पहला फेज | दूसरा फेज |
|---|---|
| 1 अक्टूबर, 2026 | 1 मार्च, 2027 |
| लद्दाख और जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के बर्फीले क्षेत्र | देश के बाकी हिस्सों में शुरू होगी जाति जनगणना |

- बर्फबारी वाले क्षेत्रों में पहले जुटाई जाएगी जानकारी

**भारत के इतिहास में ऐसा पहली बार :** 2027 की जनगणना भारत के इतिहास की पहली डिजिटल जनगणना होगी। इसमें मोबाइल ऐप और रियल टाइम मॉनिटरिंग का इस्तेमाल किया जाएगा। यह 1931 के बाद पहली जनगणना भी है जिसमें सभी समुदायों के लिए जाति डेटा इकट्ठा किया जाएगा।

### तीन दर्जन सवालों के देने होंगे जवाब

नागरिकों को लगभग तीन दर्जन सवालों के जवाब देने होंगे, जिनमें यह पूछा जाएगा कि क्या वे टेलीफोन या इंटरनेट का इस्तेमाल करते हैं; उनके पास कौन-कौन से वाहन हैं, वे कौन-कौन से अनाज खाते हैं, उनका जलस्रोत क्या है, घर किस प्रकार का है, और क्या परिवार का मुखिया महिला है?

**जातिगत जनगणना से क्या फायदा? :** पिछड़े-अति पिछड़े वर्ग के बारे में काफी कुछ पता चलेगा। उनकी शैक्षणिक, सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक स्थिति को लेकर स्पष्टता आएगी। जब उन आंकड़ों में स्पष्टता आएगी तब सरकार भी उनके लिए और मजबूती के साथ नीतियां बना पाएगी।

### जातिगत जनगणना का मतलब क्या है?

जातिगत जनगणना का सीधा मतलब होता है कि देश में किसी जाति के कितने लोग हैं, इसके स्पष्ट आंकड़े सामने रखे जाएं। अब देश में जातिगत जनगणना पहले भी हुई है, लेकिन तब ओबीसी को उसमें शामिल नहीं किया जाता था। ऐसे में बात जब भी जातिगत जनगणना की होती है, सबसे ज्यादा चर्चा इस बात की रहती है कि देश में ओबीसी वर्ग अब कितना ज्यादा बड़ा बन चुका है।

### अब क्यों जरूरत?

असल में देश में जब मंडल कमीशन लागू हुआ था, तब कहा गया था कि देश में ओबीसी वर्ग की आबादी 52 फीसदी है। लेकिन तब वीपी सरकार जिस 52 फीसदी के आंकड़े तक पहुंची थी, उसका आधार 1931 का सेंसस था। ऐसे में उसे कितना सटीक माना जाए, यही सबसे बड़ा सवाल रहा। तर्क दिया गया कि देश में समय के साथ ओबीसी की आबादी भी बदल चुकी है, अब यह सवाल उन पार्टियों द्वारा सबसे ज्यादा उठाया गया जो चाहते थे कि जातिगत जनगणना करवाई जाए।

## नशेड़ी कार चालक ने दो बाइक को ठोका चार की गई जान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पेंड्रा

रविवार देर रात सड़क हादसे में तीन युवकों सहित एक युवती की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार शराब के नशे में धुत कार चालक ने 2 मोटर साइकिल को टक्कर मारकर इस घटना को अंजाम दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक पेंड्रा थाना क्षेत्र के मझगवां गांव के पास मरवाही की ओर जा रही तेज रफ्तार ब्रेजा कार का चालक स्नेहिल गुप्ता पिता सुनील गुप्ता निवासी मरवाही नशे में धुत होकर तेज लापरवाहीपूर्वक वाहन चला रहा था। इसी दौरान उसने विपरीत दिशा से आ रहे राहगीरों को अपनी चपेट में लिया और 2 बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इसके ▶▶|शेष पेज 5 पर

- दोस्त का जन्मदिन मनाकर लौट रहे थे पेंड्रा

**इनकी हो गई मौत**

- गंगाराम गंधर्व, निवासी गिरारी
- रामावतार गोंद, निवासी कुदरी
- भूपेंद्र गोंड, निवासी बरघाट
- शानू केवंट, निवासी बंधी

### गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज

कार चालक के खिलाफ गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया है। सभी 4 शवों को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

\- **ओम चंदेल,** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक

टिकरापारा में सनसनी

## बांग्लादेशी होने का शक हिरासत में दस संदिग्ध



रायपुर में मिले बांग्लादेशी दंपति गिरफ्तार, नाबालिग बेटी हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापारा थाना क्षेत्र में निवासरत तीन परिवार के 10 संदिग्धों को बांग्लादेशी नागरिक होने के शक में क्राइम ब्रांच की टीम ने हिरासत में लिया है। संदिग्धों को पुलिस ने सोमवार दोपहर को अपने कब्जे में लिया है। पुलिस तथा एसटीएफ की टीम उनसे पूछताछ कर रही है। एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने कहा कि पूछताछ के बाद खुलासा किया जाएगा।

पुलिस ने जिन तीन परिवार के 10 संदिग्धों को हिरासत में लिया है, वे सभी दावड़ा कालोनी तथा धरमनगर में ▶▶|शेष पेज 5 पर

- जिन संदिग्धों को पुलिस ने हिरासत में लिया है, वे सभी टिकरापारा में रहने वाले

### तीन की गिरफ्तारी के बाद बढ़ी हलचल

पिछले दिनों धरमनगर से दंपति तथा उनकी बेटी के बांग्लादेशी नागरिक होने की पुष्टि होने के बाद लोग सचेत हो गए हैं। टिकरापारा तथा अन्य थाना क्षेत्र के लोग पुलिस को अपने क्षेत्र में रहने वाले संदिग्धों की जानकारी स्वयं पुलिस को दे रहे हैं। ऐसी ही जानकारी के बाद पुलिस ने तीन परिवार के 10 लोगों को हिरासत में लिया है।

### हिरासत में लिए गए ज्यादातर बांग्लादेशी

सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने जिन 10 लोगों को हिरासत में लिया है, उनमें से ज्यादातर के पास पासपोर्ट मिले हैं। इसके साथ ही उनके दस्तावेज में गड़बड़ी की बात सामने आई है। सूत्रों के मुताबिक हिरासत में लिए गए ज्यादातर लोगों के बांग्लादेशी होने की बात सामने आई है। इस पूरे मामले को लेकर पुलिस मंगलवार को खुलासा कर सकती है।

## नमो भारत ट्रेन में अतिरिक्त किराए पर 'प्रीमियम' सेवाएं

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने संशोधित किराया जारी करते हुए कहा कि मानक किराए से सिर्फ 20 प्रतिशत अधिक भुगतान करके नमो भारत रेलगाड़ियों में 'प्रीमियम' सुविधाओं के साथ यात्रा की जा सकती है। एनसीआरटीसी ने कहा कि प्रीमियम कोच का किराया मानक कोच के मुकाबले 1.2 गुना कम कर दिया गया है।

रेलवे की नई सुविधा



इसका मतलब है कि 100 रुपए की कीमत वाले मानक टिकट को केवल 20 रुपए देकर प्रीमियम कोच में बदला जा सकता है। संशोधित किराया चुनिंदा स्टेशनों पर प्रीमियम लाउंज तक पहुंच के साथ आरामदायक और कम भीड़भाड़ वाली यात्रा का विकल्प प्रदान करता है।

*भोरमपुर ग्राम में हादसे के बाद दहशत*

## फ्रिज खोलते ही विस्फोट ग्रामीण की हो गई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईखदान

ग्राम पंचायत भोरमपुर में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब गांव वालों को पता चला कि गांव के एक मकान में फ्रिज में धमाका हुआ है और मकान मालिक गंभीर रूप से घायल हो गया है। आनन-फानन में घर के अन्य लोग एवं रिश्तेदार पड़ोसी आदि पीड़ित को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छुईखदान लेकर आए, परन्तु मरीज की स्थिति एवं गंभीरता को देखते मामला राजनांदगांव के लिए रिफर कर दिया गया। रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो गई। विकासखंड मुख्यालय से गंडई मार्ग में मात्र 4 किमी की दूरी पर स्थित ग्राम ▶▶|शेष पेज 5 पर



### धमाके का कारण अज्ञात

यद्यपि फ्रिज में धमाका होने के कारणों का सही-सही पता नहीं चल पाया है, परन्तु बताया जाता है कि उक्त फ्रिज घर के किचन में ही रखा था तथा रातभर बंद भी था, जिसे सुबह ही चालू किया गया था। ग्रामीणों ने मृतक के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की है।

प्रधानमंत्री ने कहा : यह सम्मान दोनों देशों की शांति, सुरक्षा, संप्रभुता की अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक


# पीएम मोदी का डंका, मिला साइप्रस का सर्वोच्च सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दुनियाभर के देशों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता का डंका बज रहा है। उन्हें 22 देशों द्वारा अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। अब इस सूची में साइप्रस के रूप में एक और देश का नाम शामिल हो गया है। जिनके राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने सोमवार को पीएम मोदी को अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस तृतीय' से सम्मानित किया। प्रधानमंत्री ने साइप्रस के इस सम्मान को ग्रहण करने के बाद दिए अपने संबोधन में इसे भारत ▶▶|शेष पेज 5 पर

### वसुधैव कुटुंबकम के दर्शन का सम्मान

प्रधानमंत्री ने इस सम्मान को भारत और साइप्रस के बीच लंबे समय से चले आ रहे मधुर संबंधों को समर्पित किया। साथ ही कहा कि जिनकी नींव साझा मूल्यों और विश्वास पर टिकी हुई है। पीएम ने इस पुरस्कार को भारत के वसुधैव कुटुंबकम या विश्व एक परिवार है के सदियों पुराने दर्शन यानी विचारधारा की स्वीकृति बताया। जो वैश्विक शांति और प्रगति के लिए इसके दृष्टिकोण का मार्गदर्शन करता है।



### कुल 23 देशों ने किया पीएम को सम्मानित

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वर्ष 2014 से 2025 तक दुनिया के कुल 23 देशों ने अपने सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया है। जिनमें साइप्रस, श्रीलंका, कुवैत, मॉरीशस, डोमिनिका, बारबाडोस, नाइजीरिया, गयाना, मालदीव, भूटान, अफगानिस्तान, सऊदी अरब, अमेरिका, रूस, यूएई, बहरीन, फिजी, मिस्र, फ्रांस, यूनान, संयुक्त राष्ट्र, पलाऊ, पापुआ न्यू गिनी जैसे देश शामिल हैं।

### साझेदारी की नई प्रतिबद्धता का प्रतीक

पीएम मोदी ने ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस तृतीय सम्मान को दोनों देशों के बीच साझेदारी को मजबूत करने और उसमें अधिक विविधता लाने की नई प्रतिबद्धता के रूप में स्वीकार किया। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यह सम्मान भारत और साइप्रस की शांति, सुरक्षा, संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और समृद्धि के लिए दोनों देशों की अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। मैं, हमारे संबंधों के प्रति एक जिम्मेदारी के रूप में इसका महत्व समझता हूं।

*नई दिल्ली। कुख्यात गैंगेस्टर लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बरार की दोस्ती टूट गई है। उन्होंने अपनी अलग राह बना ली है, जिससे केंद्रीय खुफिया एजेंसियों और राज्य पुलिस के लिए मुसीबत खड़ी हो गई है। गुजरात की साबरमती जेल में बंद बिश्नोई और अमेरिका से अपनी आपराधिक गतिविधि चला रहा बरार अनमोल बिश्नोई के कारण अलग हुए हैं। इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक, एजेंसियों यह जानकारी दोनों गिरोह से जुड़े अपराधियों से मिली है। दोनों स्वतंत्र रूप से काम कर रहे हैं।*

# कुख्यात गैंगेस्टर लॉरेंस और गोल्डी में ठनी, एक-दूसरे को दे रहे चुनौती

## केंद्रीय खुफिया एजेंसियों और राज्य पुलिस के लिए मुसीबत हुई खड़ी

### 2011 में शुरू हुई थी दोस्ती

अंतरराष्ट्रीय आपराधिक साम्राज्य में जबरन वसूली, हत्या, मादक पदार्थों की तस्करी और हथियारों की तस्करी के अलावा कई अन्य अपराधों में शामिल बिश्नोई और बरार दोनों 2011 में मिले थे। उस समय बिश्नोई और बरार दोनों पंजाब विश्वविद्यालय में पढ़ रहे थे। बिश्नोई राजनीतिक गतिविधियों से जुड़ा था, जबकि बरार अपना दबदबा बनाना चाहता था। दोनों मिलने के बाद हत्या, फिरौती, अपहरण, ड्रग्स और हथियारों की तस्करी को अंजाम दिया था। बरार 2017 में अमेरिका चला गया था।

### कैसे पड़ी दोनों में फूट

दोनों के अलग होने का सबसे बड़ा कारण बिश्नोई का भाई अनमोल बिश्नोई है। अनमोल महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या और अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी करने में वांछित है। उसे नवंबर 2024 में अवैध रूप से प्रवेश को लेकर कैलिफोर्निया में गिरफ्तार किया गया। इसके बाद भारत ने उसके प्रत्यर्पण का अनुरोध किया। अनमोल की जमानत को लेकर बरार और सतिंदर गोदारा (सचिन गोदारा) को बॉन्ड भरना था, लेकिन उन्होंने मदद नहीं की।



### एंकल मॉनिटर के साथ रिहा किया गया, नया गिरोह बनाया

*अनमोल को फिलहाल राहत मिल गई, लेकिन उसे एंकल मॉनिटर के साथ रिहा किया गया। उसे जीपीएस ट्रैकर लेकर चलना होता है।इससे नाराज होकर बिश्नोई ने बरार से नाता तोड़ लिया और हरियाणा के कुख्यात गैंगस्टर काला राणा उर्फ वीरेंद्र प्रताप के छोटे भाई नोनी राणा से हाथ मिला लिया। वहीं, बरार ने अजरबैजान-आधारित गैंगस्टर रोहित गोदारा से गठजोड़ किया और 2025 में कनाडा में व्यवसायी हरजीत सिंह को मारा। दोनों अलग-अलग संगठन से अपराध नेटवर्क चला रहे हैं।*

### दोनों ने इन अपराधों को दिया अंजाम

बिश्नोई और बरार ने मिलकर वैसे तो कई अपराधों को अंजाम दिया है, लेकिन पंजाब, महाराष्ट्र और हरियाणा में उनकी हत्याओं ने पूरे देश को चौंका दिया। उन्होंने मई 2022 में पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या की थी। इसके बाद अक्टूबर 2024 में महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या की। इससे पहले दिसंबर 2023 में करणी सेना के अध्यक्ष और राजपूत नेता सुखदेव गोगामेड़ी की हत्या को अंजाम दिया था।

### पुलिस के सामने क्या है चुनौतियां?

दोनों कुख्यात गैंगस्टर के अलग होने से पुलिस और एजेंसियों के सामने कई तरह की चुनौतियां हैं। पहले जहां, दोनों के नेटवर्क पर नजर रखना आसान था, वहीं अब राणा और गोदारा के गठजोड़ के साथ नए गिरोह ने मुश्किल खड़ी कर दी है। अब दोनों गिरोह अलग-अलग अपराधों को अंजाम दे रहे हैं, जिससे नए आपराधिक सिंडिकेट बढ़ रहा है और अपराधिक मामले भी बढ़ रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### एमटेक समूह के पूर्व अध्यक्ष को जमानत से इनकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 2,700 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी से जुड़े कथित धन शोधन मामले में एमटेक समूह के पूर्व अध्यक्ष अरविंद धाम को अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने कहा कि आपकी विशेष अनुमति याचिका को इस अदालत की तीन न्यायाधीशों की पीठ ने खारिज कर दिया था। अब आप छुट्टियों के दौरान उसी मामले में दोबारा राहत पाने की कोशिश कर रहे हैं। इसके बाद याचिका वापस ले ली।



### कुएं की सफाई करते दम घुटने से दो की मौत

**सिवनी।** मध्यप्रदेश के सिवनी में एक कुएं की सफाई के दौरान संदिग्ध तौर पर दम घुटने से दो श्रमिकों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि सिंधी कॉलोनी इलाके में सोनू उइके और अशोक धुर्वे एक घर के अंदर स्थित कुएं में घुसे थे। कोतवाली थाने के प्रभारी किशोर वामनकर ने बताया कि 25-30 फुट नीचे उतरने के बाद ऑक्सीजन की कमी के कारण दोनों अचानक बेहोश हो गए। दोनों को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें चिकित्सा जांच के बाद मृत घोषित कर दिया गया। वामनकर ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

### शामली में किसान की गोली मारकर हत्य दो अन्य घायल

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के शामली जिले में कैराना थाना क्षेत्र के मामोर गांव में गोलीबारी में हरियाणा के एक किसान की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। एएसपी आशुतोष सिंह ने बताया कि घटना उस समय हुई जब किसान देवेंद्र अपने दो साथियों— इस्लाम और सुभान के साथ मोटरसाइकिल से अपने खेतों की ओर जा रहा था तभी दो हथियारबंद हमलावरों ने देवेंद्र की गोली मारकर हत्या कर दी। इस्लाम और सुभान धारदार हथियारों के वार से घायल हो गए। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है। दूसरे की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी हैं।



### बर्खास्त शिक्षकों ने विधानसभा तक मार्च निकाला

**कोलकाता।** एसएससी भर्ती संकट को लेकर सोमवार को विरोध प्रदर्शन तेज हो गया, क्योंकि बर्खास्त शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के एक बड़े समूह ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात की मांग करते हुए पश्चिम बंगाल विधानसभा तक विरोध मार्च निकाला। एक समूह ने सुबोध मलिक स्क्वायर से विधानसभा तक मार्च निकाला, जबकि दूसरा गुट शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु को ज्ञापन सौंपने के लिए राज्य शिक्षा विभाग मुख्यालय विकास भवन पहुंचा। शिक्षकों ने शहर में मार्च करते हुए पारंपरिक ढोल बजाए।



## अमेरिकी राजदूत ने की पुष्टि, इजराइल ने तेहरान के नागरिकों से शहर छोड़ने कहा

# ईरान ने दागीं अमेरिकी दूतावास पर मिसाइलें तेहरान में धमाके, खामेनेई बंकर में छुपे

एजेंसी ▶▶| तेल अवीव

ईरान के मिसाइल ने इजराइल के तेल-अवीव में अमेरिकी दूतावास पर हमला कर दिया है। दूतावास पर हुए इस हमले में बिल्डिंग का एक हिस्सा पूरी तरह से तहस-नहस हो गया है। हालांकि, किसी के हताहत की खबर नहीं है। यह हमला ऐसे वक्त में हुआ है, जब अमेरिका इजराइल और ईरान के बीच शांति स्थापित करने की कवायद में जुड़ा है। वहीं इजरायल ने दावा किया है कि तेहरान के हवाई क्षेत्र पर उसका पूरा नियंत्रण है और उसने उसके एक तिहाई मिसाइल लॉन्चर नष्ट कर दिए हैं। इधर, ईरान और इजरायल के बीच भीषण युद्ध जारी है जिससे दोनों ही देशों को भारी जानमाल का नुकसान हो रहा है। ईरान सुप्रीमो खामेनेई को सपरिवार बंकर में सुरक्षित रखा गया है।

ईरान के मिसाइल हमले के बाद अमेरिकी राजदूत माइक हुकाबी ने कहा कि इस हमले में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास का कुछ हिस्सा टूट गया है। हालांकि, न तो कोई घायल हुआ है और न ही मरा है। समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस के मुताबिक ईरान लगातार इजराइल पर मिसाइल हमला कर रहा है। इसी दौरान एक ईरानी मिसाइल ने अमेरिकी दूतावास पर अटैक कर दिया। हुकाबी के मुताबिक अभी तो इस अटैस कोई हताहत की खबर नहीं है।

### ईरानी लीडर खामेनेई परिवार सहित बंकर में छुपे

ईरान इंटरनेशनल सुप्रीम लीडर खामेनेई को परिवार सहित लाविजान के बंकर में भेज दिया गया है। खामेनेई वहीं से पूरा नेतृत्व संचालन करेंगे। कहा जा रहा है कि इस बंकर पर चाहकर भी इजराइल आर्मी हमला नहीं कर सकती है। पहले भी खामेनेई इसी बंकर में छिपते रहे हैं। इस बंकर की निगरानी ईरान की सेना करती है।



### परमाणु जंग की तैयारी में ईरान ने एनपीटी छोड़ेगा

इजरायल और ईरान के बीच जारी सैन्य संघर्ष अब एक खतरनाक मोड़ पर पहुंच चुका है। दोनों देशों के बीच चौथे दिन भी मिसाइल और हवाई हमलों का दौर जारी है। इसी बीच, ईरान की ओर से एक ऐसा कदम उठाया जा रहा है, जिसने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चिंता और तनाव को और बढ़ा दिया है। ईरान अब परमाणु अप्रसार संधि से बाहर निकलने की तैयारी कर रहा है।

### ईरान का हवाई क्षेत्र हमारे नियंत्रण में : इजरायल

इजराइल ने दावा किया है कि तेहरान के हवाई क्षेत्र पर उसका पूरा नियंत्रण है और उसने ईरान के एक तिहाई मिसाइल लॉन्चर नष्ट कर दिए हैं जो ईरान के पास मौजूद कुल मिसाइल लॉन्चरों की एक तिहाई संख्या है। उन्होंने कहा कि इसराइल पर मिसाइल दागने से कुछ ही मिनट पहले वायुसेना ने कल रात ईरान के 20 से ज्यादा विमानों को नष्ट कर दिया। इजरायल ने ईरान के प्रमुख शहर इस्फ़हान में 100 से ज़्यादा सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। ईरानी नागरिकों को तेहरान छोड़ने कहा।

### एक-दूसरे पर कर रहे मिसाइलों की बौछार

इजराइल ने सोमवार को चौथे दिन भी ईरान में एयर स्ट्राइक किए और इससे भी अधिक जोरदार हमले की धमकी दी। वहीं ईरान ने एक बार फिर इजराइल पर हमला कर लिया है। इजराइली सेना ने कहा कि ईरान ने इजराइल पर फिर मिसाइलें दागी हैं जिसके बाद डिफेंस सिस्टम खतरे को रोकने के लिए काम कर रही हैं। दोनों देशों में जानमाल की हानि हो रही है।

### ईरान में फंसे भारतीय छात्रों को लाया जाएगा

ईरान-इजराइल के बीच बढ़े हुए तनाव के बीच कश्मीरी छात्रों को तत्काल हस्तक्षेप कर निकालने की अपील गई है। ईरान में फंसे भारतीय छात्रों के परिवारों ने सरकार से निकासी की अपील की है। उन्होंने अपने बच्चों की सुरक्षा और भलाई के लिए गहरी चिंता व्यक्त की है। दरअसल, 1300 से अधिक कश्मीरी छात्र ईरान में पढ़ाई कर रहे हैं। हमले को लेकर छात्र डरे हुए हैं। इधर, सरकार ने कहा कि ईरान या इजरायल में मौजूद भारतीय लोग दूतावासों के संपर्क में हैं और उन्हें लाए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# मौत से जंग जीतने के बाद अग्निवीर को सेना ने नहीं दी एंट्री

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

अग्निवीर अंकुर राणा ने 25 दिसंबर 2022 को सेना में भर्ती ली थी। उनका बेसिक ट्रेनिंग सेशन 1 जनवरी 2023 से हैदराबाद के आर्टिलरी सेंटर में शुरू हुआ लेकिन 27 जनवरी को उन्हें अचानक तबीयत खराब होने के कारण मेडिकल रूम में रिपोर्ट करना पड़ा। उनकी हालत गंभीर थी, इसलिए उन्हें सेना के अलग-अलग अस्पतालों में शिफ्ट किया गया। आखिरी में वे पुणे के एक आर्मी अस्पताल में भर्ती रहे, जहां से उन्हें 22 अप्रैल को छुट्टी मिली। उन्होंने 23 अप्रैल को फिर से ट्रेनिंग सेंटर जॉइन कर लिया, लेकिन तब तक वह 68 दिनों तक ट्रेनिंग से अनुपस्थित रह चुके थे जिस कारण उन्हें बाहर कर दिया था। अंकुर ने आर्म्ड फोर्सेस ट्रिब्यूनल लखनऊ में केस किया। उन्होंने कहा कि वे ड्यूटी पर ही थे क्योंकि वे सेना के ही अस्पताल में भर्ती थे।



### सेना ने बताया बाहर करने का कारण

इस बेस पर सेना ने अंकुर को सेवा से बाहर कर दिया। उनका कहना था कि "अग्निपथ योजना" के नियमों के अनुसार अगर कोई अग्निवीर 30 दिन से ज्यादा ट्रेनिंग से दूर रहता है, तो उसे नौकरी से हटा दिया जाएगा। भले ही वो कारण बीमारी ही क्यों न हो। सेना की ट्रेनिंग कमांड की 17 नवंबर 2022 की नीति में ये साफ लिखा है कि कुल 30 दिन से ज्यादा की अनुपस्थिति पर सेवा खत्म की जा सकती है।

### अदालत का फैसला, नियम सब पर लागू

ट्रिब्यूनल की बेंच, जिसमें न्यायमूर्ति अनिल कुमार और वाइस एडमिरल अतुल कुमार जैन शामिल थे, ने इस याचिका को खारिज कर दिया। उनका कहना था कि अग्निपथ योजना के नियम साफ हैं, 30 दिन से ज्यादा की ट्रेनिंग से अनुपस्थिति किसी भी कारण से हो, वह गैरहाजिरी मानी जाएगी। इसलिए अंकुर राणा की सेवा समाप्त करने में कोई गैरकानूनी या गलत बात नहीं है।

## आत्मनिर्भर भारत को बड़ी सौगात, अचल समुद्र में उतरा




*गोवा। गोवा शिपयार्ड लिमिटेड ने भारतीय तटरक्षक बल के लिए बनाए जा रहे आठ फास्ट पेट्रोल जहाजों में से एक जहाज 'अचल' को सफलतापूर्वक समुद्र में उतार दिया है। यह लॉन्चिंग वैदिक मंत्रों के साथ कविता हरबोला द्वारा की गई। इस जहाज को बनाने का अनुबंध 2022 में हुआ था। इस जहाज की लंबाई 52 मीटर है और यह 27 नॉट्स (लगभग 50 किमी प्रति घंटे) की रफ्तार से चल सकता है। यह जहाज समुद्री निगरानी, सुरक्षा और गश्त जैसे कामों में तटरक्षक बल की मदद करेगा। इस मौके पर तटरक्षक बल के अतिरिक्त महानिदेशक अनिल हरबोला और कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।*

# एफएटीएफ ने माना पहलगाम हमले के पीछे पैसा और आतंकी फंडिंग जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अंतराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद को वित्त-पोषित करने वाले तमाम स्त्रोतों पर नजर रखने वाली फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स ने इस साल 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी हमले को लेकर सोमवार को एक बड़ा और महत्वपूर्ण बयान दिया है। जिसमें उसने न केवल इस हमले की कड़ी निंदा की है बल्कि यह भी स्वीकार किया है कि ये हमला बिना पैसे और आतंकी फंडिंग व नेटवर्क के संभव नहीं है। ज्ञात हो कि हमले के तुरंत बाद पाकिस्तान में मौजूद लश्करे-तैयबा के छद्म आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने इसकी जिम्मेदारी ली थी। एफएटीएफ का ये बयान एक ऐसे समय पर सामने आया है। जब भारत लगातार वैश्विक संस्थाओं, संगठनों के समक्ष आतंकवाद के मामले पर पाकिस्तान को बेनकाब करने में लगा हुआ है। उसकी तरफ से एफएटीएफ के सामने पाकिस्तान को एक बार फिर से आतंकवाद से जुड़ी ग्रे लिस्ट में डालने की कवायद भी जारी है।

- **पाकिस्तान की बढ़ेंगी मुश्किलें, वैश्विक संस्था ने की कड़ी निंदा**

### ग्रे लिस्ट को लेकर डोजियर की तैयारी

सूत्रों ने बताया कि भारत, पाकिस्तान को एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डालने की प्रक्रिया का आगाज करने वाला है। इसके लिए वह आगामी दो बैठकों (25 अगस्त की एशिया प्रशांत समूह, 20 अक्टूबर को एफएटीएफ की बैठक) के दौरान पाकिस्तान के आतंकी कनेक्शनों पर करारी चोट करने के लिए एक व्यापक डोजियर सौंप सकता है।

### परमाणु क्षमता में भारत पाक से बेहतर : रिपोर्ट

उधर, सिपरी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, परमाणु क्षमता के मामले में भारत की पाकिस्तान पर बढ़त बनी हुई है। भारत न केवल अपने परमाणु हथियारों की संख्या को बढ़ा रहा है। बल्कि उसके जखीरे में एडवांस परमाणु डिलीवरी सिस्टम भी शामिल हो रहे हैं। पिछले साल 2024 में भारत के परमाणु हथियारों की कुल संख्या 172 थी और मौजूदा वर्ष 2025 में यह बढ़कर 180 हो गए हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर में हिस्सा रहीं विंग कमांडर मामले में बड़ा फैसला

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा- हमें इन महिला अधिकारियों पर गर्व है, इन्हें नौकरी से न निकाला जाए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर वायुसेना की महिला अधिकारियों के हक में बड़ा फैसला सुनाया है। इस बार विंग कमांडर कविता भट्टी को राहत देते हुए कोर्ट ने सरकार को साफ निर्देश दिया है कि उन्हें अभी नौकरी से न हटाया जाए। कविता ने स्थायी कमीशन (पर्मानेंट कमीशन) की मांग को लेकर कोर्ट में याचिका दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से इस मामले में एक हफ्ते के अंदर जवाब मांगा है। कोर्ट ने कहा कि इस याचिका पर अब 6 अगस्त को सुनवाई होगी। उस दिन कविता की अर्जी के साथ-साथ उन अन्य महिला अधिकारियों की याचिकाओं पर भी सुनवाई होगी, जिन्होंने स्थायी कमीशन न मिलने के सरकार के फैसले को चुनौती दी है।अब सबकी नजर 6 अगस्त की सुनवाई पर टिकी है, जब कोर्ट इस मामले में आगे का रास्ता तय करेगा।



**महिला अधिकारियों के जज्बे को सलाम :** पिछली सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन बालाकोट में शामिल रक महिला एयर फोर्स अधिकारी की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सरकार को निर्देश दिया था उन्हें नौकरी से न हटाया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने तब कहा था कि इन अधिकारियों ने संकट के वक़्त शानदार काम किया है वो सराहनीय है। इसलिए हम उन्हें हमेशा सलाम करते है। अभी की स्थिति को देखते हुए उन्हें सर्विस से न हटाया जाए।

### क्या है पूरा मामला?

विंग कमांडर कविता भट्टी और अन्य महिला अधिकारियों की मांग है कि उन्हें पुरुष अधिकारियों की तरह ही स्थायी कमीशन दिया जाए। अभी तक वायुसेना में महिलाओं को ज्यादातर शॉर्ट सर्विस कमीशन के तहत भर्ती किया जाता है, जिसमें उनकी सेवा की अवधि सीमित होती है। लेकिन ये महिलाएं चाहती हैं कि उन्हें भी स्थायी नौकरी का मौका मिले, ताकि वे लंबे समय तक देश की सेवा कर सकें।

### सुप्रीम कोर्ट का फैसला एक बड़ी उम्मीद

सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला इन महिला अधिकारियों के लिए एक बड़ी उम्मीद की किरण है। सुप्रीम कोर्ट का रुख साफ है कि जब तक इस मामले में अंतिम फैसला नहीं आ जाता, तब तक इन अधिकारियों को नौकरी से नहीं हटाया जाएगा। कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि आखिर इन बहादुर महिलाओं को स्थायी कमीशन क्यों नहीं दिया जा रहा?

## ढाई हजार की रिश्वत का मामला

# 16 साल बाद पूर्व स्टेशन मास्टर निर्दोष करार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक विशेष सीबीआई अदालत ने रिश्वत मामले में पूर्व स्टेशन मास्टर को निर्दोष माना है। पूर्व स्टेशन मास्टर ने इसके लिए 16 साल कानूनी लड़ाई लड़ी। अब जाकर उन्हें न्याय मिला है। अदालत ने शिकायतकर्ता की गवाही और पेश किए गए सबूतों में अंतर पाया, जिसके बाद अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत एस शिंदे ने अपने फैसले में पूर्व स्टेशन मास्टर को रिहा करने का आदेश दिया। जस्टिस शिंदे ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपों को साबित करने में विफल रहा। साल 2009 में एक फल विक्रेता ने पूर्व स्टेशन मास्टर रामकरण पंचूराम मीणा पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया था। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि स्टेशन मास्टर ने फल विक्रेता सोनू राशिद रेन से 13 जून 2009 को दीवा रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों और स्टेशन परिसर में फल बेचने देने के लिए हर महीना 1000 और पूर्व के महीनों के लिए अतिरिक्त 5000 रुपये की रिश्वत मांगी थी।

- **लंबी कानूनी लड़ाई के बाद मिला न्याय**



रायपुर, मंगलवार 17 जून 2025 | आषाढ़ कृष्ण पक्ष सप्तमी | वर्ष : 23, अंक : 330 | पृष्ठ : 12+4+4+8 = 28 मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

**कई जिलों में कामकाज प्रभावित या बंद**

**2028 तक चलेगी योजना, अभी बाकी है उम्मीद**

*छत्तीसगढ़ में पहले ही भ्रष्टाचार के मामलों में उलझे जल जीवन मिशन की धार अब और टूटती नजर आ रही है। वजह ये है कि इस परियोजना के लिए केंद्र सरकार का करीब साढ़े 13 हजार करोड़ का भुगतान लंबित है। यही कारण है कि मिशन का काम करने वाले ठेकेदारों को पेमेंट के लाले पड़ गए हैं। इसके साथ ही मिशन का कामकाज प्रभावित हुआ है। इस बीच केंद्र सरकार ने मिशन की अवधि 2028 तक बढ़ा दी है, यानी घर-घर पानी के नल पहुंचने की उम्मीद अभी हरी है, पर बिना फंड यह कैसे होगा, यह चिंतन का विषय है।*

# जल जीवन की टूट रही धार, केंद्र से फंड नहीं मिला
# 6500 करोड़ अटके, ठेकेदारों को पेमेंट के लाले

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

खास खबर

राज्य में जल जीवन मिशन की शुरुआत पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हुई थी, लेकिन इस योजना के प्रारंभ के साथ ही भ्रष्टाचार और गड़बड़ी की बातें सामने आईं थीं। यह गड़बड़ी उसी समय से सामने आई थी जब निर्माण के लिए ठेके की निविदा जारी हुई थी। पहली ही कोशिश में यह गड़बड़ी होने के बाद तत्कालीन सरकार ने सभी टेंडरों को निरस्त कर दिया था। फिर नए सिरे टेंडर किए गए। इस मामले को लेकर पिछली सरकार की किरकिरी भी हुई थी।


कहीं टंकी लीकेज तो कहीं बोरवेल सूखे, 277 से ज्यादा ग्रामों में भी पेयजल की सप्लाई नहीं

## अब तक हुआ है आधा ही काम

*सूत्रों के मुताबिक इस मिशन के अलग अलग हिस्सों के तहत करीब 80 प्रतिशत काम हो पाया है। इसमें पानी की टंकी, सोर्स बनाने से लेकर घर तक नल कनेक्शन देने का काम हुआ है, लेकिन कई स्तरों पर यह काम आधा अधूरा है। इस आधार पर कहा जा रहा है कि राज्य में कुल मिलाकर 50 से 60 प्रतिशत काम ही हुआ है। ठेकेदारों को पेमेंट के लालेइधर केंद्र से उसके हिस्से की राशि नहीं मिलने के कारण छत्तीसगढ़ में मिशन का काम करने वाले ठेकेदारों को महीनों से पेमेंट नहीं मिला है। इसकी वजह से विभिन्न स्तरों पर कामकाज बुरी तरह प्रभावित हुआ है। कई जिलों में काम पूरी तरह बंद होने की सूचनाएं भी हैं।*

## पर उम्मीद अभी है कायम

*जल जीवन मिशन शुरू करते समय यह लक्ष्य रखा गया था कि देश भर में सभी घरों तक पीने का साफ पानी पहुंचाने का काम वर्ष 2024 तक पूरा कर लिया जाएगा। लेकिन देश के कई राज्य इस लक्ष्य को हासिल करने में पिछड़ गए हैं। इसी बीच केंद्र सरकार ने फरवरी में बजट सत्र के दौरान घोषणा की थी कि अब मिशन का संचालन वर्ष 2028 तक होगा। लिहाजा इस आधार पर उम्मीद बाकी है कि मिशन का काम पूरा होगा। भले ही केंद्र से राशि आने में देरी हुई है, लेकिन देर सबेर राशि आ जाने से जल जीवन मिशन की राज्य में टूट रही धार को नया जीवन मिलेगा और लोगों को सरकार उनके घरों तक पीने का साफ पानी उपलब्ध कराने का अपना महत्वाकांक्षी लक्ष्य पूरा करेगी।*

## केंद्र से नहीं मिले साढ़े 6 हजार करोड़

*पीएचई के उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार राज्य को इस योजना के लिए कुल 36 हजार करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए थे। इस योजना में केंद्र और राज्य को 50-50 प्रतिशत अंशदान देने की व्यवस्था है। मिशन के लिए अब तक 13 हजार करोड़ रुपए मिले हैं। इतनी ही राशि बकाया है। इसमें से आधी राशि यानी करीब साढ़े 6 हजार करोड़ केंद्र और उतनी ही राशि राज्य को अंशदान के रूप में देनी थी। लेकिन केंद्र ने अपने हिस्से की राशि साढ़े 6 हजार करोड़ रुपए अब तक अदा नहीं किए हैं।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### अब यूपीआई से लेनदेन होगा और तेज



**नई दिल्ली।** यूपीआई के जरिए लेनदेन सोमवार से और तेज होने जा रहे हैं। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ने भुगतान के लिए प्रतिक्रिया समय को घटाकर 10 सेकंड कर दिया है। यूपीआई या यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस एक तत्काल भुगतान प्रणाली है, जिसे एनपीसीआई ने मोबाइल फोन के जरिए बैंकों के बीच लेनदेन की सुविधा के लिए विकसित किया है।

### 'रील' बनाने के लिए चूमने की कोशिश, सांप ने डंसा



**मुरादाबाद।** अमरोहा जिले के हैबतपुर गांव के एक व्यक्ति ने कथित तौर पर 'रील' बनाने के लिए सांप को चूमने का प्रयास किया। इसके बाद सांप ने उसकी जीभ पर डस लिया। जहां किसान जितेंद्र कुमार (50) ने सांप को बचाने के बाद उसके साथ एक वीडियो बनाने का फैसला किया।

### पुरी के राजा के छोटे भाई का निधन



**भुवनेश्वर।** गजपति महाराजा दिव्यसिंह देब के छोटे भाई रणरनाबा देब का 67 वर्ष की आयु में निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। देब को 'थाता राजा' के नाम से जाना जाता था, उनका एक निजी अस्पताल में हृदयाघात से निधन हो गया।

### डकैती के दौरान पुलिसकर्मी के माता-पिता की हत्या



**पालनपुर।** गुजरात के बनासकांठा जिले में एक पुलिसकर्मी के घर में डकैती के दौरान उनके माता-पिता की कथित रूप से हत्या कर दी गई। रविवार रात को लखानी तालुका के जसरा गांव में अपने घर के बाहर सो रहे वर्धाजी चौधरी और होशीबेन की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई।

### नहर में डूबने से तीन किशोरों की मौत



**जयपुर।** राजस्थान में हनुमानगढ़ जिले के पीलीबंगा कस्बे में सोमवार को एक नहर में दो भाइयों समेत तीन बच्चे डूब गए। बकरी चराने गए तीन बच्चे नहाने के लिए नहर में उतरे थे और हादसे का शिकार हो गए। तीनों किशोर एक-दूसरे को बचाने के चक्कर में तीनों डूब गए। पीलीबंगा थाने के आरक्षी अरविंद कुमार ने बताया कि तीनों की उम्र 10 से 12 साल थी।

## विमान हादसे के बाद डीएन से किए जा रहे शवों की पहचान

# 119 का डीएनए मैच, 76 शव परिवारों को सौंपे, रूपाणी को गार्ड ऑफ ऑनर

*अहमदाबाद में एअर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटना के चार दिन बाद, अब तक डीएनए मिलान के माध्यम से 119 मृतकों की पहचान कर ली गई है। 76 लोगों के शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं। इस हादसे में 270 लोगों की मौत हो गई। गुजरात के पूर्व सीएम रूपाणी उन 242 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों में शामिल थे, जो लंदन जाने वाली एअर इंडिया की उड़ान संख्या एआई-171 में सवार थे।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अहमदाबाद

यह विमान 12 जून को अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। उनके पार्थिव शरीर को शहर के सिविल अस्पताल में उनकी पत्नी अंजलि रूपाणी और परिवार के अन्य सदस्यों को सौंप दिया गया। अधिकारी मृतकों की पहचान करने के लिए डीएनए परीक्षण कर रहे हैं, क्योंकि 12 जून को विमान दुर्घटना में कई लोग इतनी बुरी तरह जल गए थे कि उनके शव पहचाने नहीं जा सके। सिविल अधीक्षक डॉ राकेश जोशी ने संवाददाताओं से कहा, अब तक 119 मृतकों की पहचान कर ली गई है और 76 लोगों के शव उनके परिजनों को सौंप दिये गए हैं। ये मृतक गुजरात और राजस्थान के विभिन्न हिस्सों के रहने वाले थे। उन्होंने मृतकों के शोक-संतप्त परिजनों से अपील की कि शवों के अवशेषों से डीएनए मिलान की लंबी प्रक्रिया को लेकर परेशान नहीं हों। उन्होंने कहा, हम इस प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने की भरपूर कोशिश कर रहे हैं। कुछ लोग शिकायत कर रहे हैं कि 72 घंटे बाद भी नतीजे नहीं आए हैं। मैं उनसे अपील करता हूं कि वे घबराएं नहीं, क्योंकि यह ▶▶| शेष पेज 5 पर

### खास बातें

- चार दिनों में लिया गया 250 शवों का डीएनए सैंपल
- कुल मौत का अंतिम आंकड़ा सभी डीएनए टेस्ट होने के बाद साफ होगा



### शाह समेत कई नेताओं ने श्रद्धांजलि दी

अहमदाबाद विमान हादसे में जान गंवाने गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी का राजकोट के रामनाथ परा में अंतिम संस्कार किया गया। सोमवार को शाम को विजय रूपाणी को 21 बंदूकों की सलामी दी गई। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल, गुजरात के मुख्यमंत्री-राज्यपाल समेत दूसरे नेता रूपाणी के घर पहुंचें और श्रद्धांजलि दी।



### सीएम ने किया अस्पताल का दौरा

*गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने अहमदाबाद सिविल अस्पताल में एअर इंडिया विमान हादसे के पीड़ितों के शोकाकुल परिवार के सदस्यों से सोमवार को मुलाकात की। अस्पताल में मृतकों के परिवार के सदस्य डीएनए परीक्षण के परिणाम जानने और अंतिम संस्कार के लिए शव लेने को लेकर डेरा डाले हुए हैं।*

पीड़ित के परिजनों का छलका दर्द

### शवों के लिए करना पड़ रहा लंबा इंतजार

गुजरात के अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान हादसे में अपनों को खोने के सदमे के बीच कई पीड़ितों के परिवारों को उनके शवों को लेने में काफी लंबा इंतजार करना पड़ रहा है और वे चार दिन से यहां डेरा डाले हुए हैं। चालक दल की सदस्य रोशनी सोंघारे की रिश्तेदार पूजा सुखदरे ने कहा, हम कल डीएनए संग्रह केंद्र गए थे।

### ब्लैक बॉक्स का वॉयस रिकॉर्डर भी मिला

अधिकारियों ने पीएम मोदी के सचिव डॉ. मिश्रा को बताया है कि फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (एफडीआर) और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) का पता लगा लिया गया है और उन्हें सुरक्षित कर लिया गया है। विमान के दोनों ब्लैक बॉक्स मिलने से जांचकर्ताओं के लिए दुर्घटना का कारण पता लगाना आसान हो जाएगा।

## एअर इंडिया के विमान में फिर खराबी, लौटना पड़ा हांगकांग

एजेंसी ▶▶| मुंबई

एअर इंडिया के एक ड्रीमलाइनर बोइंग विमान के दिल्ली के लिए उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद उसमें तकनीकी समस्या का संदेह होने के बाद सोमवार को उसे हांगकांग लौटना पड़ा। एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि उड़ान संख्या एआई 315 हांगकांग में सुरक्षित तरीके से उतरी और सभी यात्री भी उसमें से उतर चुके हैं। विमान का निरीक्षण किया जा रहा है। उड़ान हांगकांग से दोपहर 12.16 बजे (स्थानीय समयानुसार) रवाना हुई और इसे भारतीय समयानुसार दोपहर 12.20 बजे दिल्ली में उतरना था। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट 'फ्लाइटरडार.कॉम' के अनुसार, यह उड़ान लगभग 3.5 घंटे की देरी से रवाना हुई थी। इसका निर्धारित प्रस्थान समय सुबह 8.50 बजे था। एअर इंडिया ने कहा, 16 जून 2025 को हांगकांग से दिल्ली के लिए प्रस्थान करने वाली उड़ान संख्या एआई315 तकनीकी समस्या के कारण उड़ान भरने के तुरंत बाद हांगकांग लौट गई। विमान हांगकांग में सुरक्षित रूप से उतरा और एहतियात के तौर पर इसकी जांच की जा रही है।


उड़ान भरते ही मुश्किल

### हज यात्रियों को लेकर आए विमान में धुएं से हड़कंप

सऊदी एयरलाइंस के 242 हज यात्रियों को लेकर जेद्दा से लखनऊ पहुंचे विमान के उतरते समय पहियों से धुआं निकलने के बाद यहां हवाई अड्डे पर अलार्म बज गया। यह घटना रविवार की सुबह शहर के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुई और सभी यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया। विमान को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। जेद्दा से 242 हज यात्रियों को वापस ला रहे सऊदी विमान के पहियों से धुआं निकलता देखा गया।

## मानसून छत्तीसगढ़ में सक्रिय पहुंचा मप्र, मुंबई में भारी बारिश


देश का ऐसा हाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/भोपाल/रायपुर

अपने सामान्य कार्यक्रम के तहत मानसून सोमवार को दक्षिण-पश्चिम मध्यप्रदेश में पहुंच गया, फलस्वरूप पिछले सप्ताह कई जिलों में पड़ रही गर्मी और उमस से लोगों को राहत मिली। छत्तीसगढ़ में भी मानसून सक्रिय हो गया है। सोमवार को प्रदेश के कुछ इलाकों में बारिश हुई। मुंबई में सोमवार सुबह बारिश होने से निचले इलाके जलमग्न हो गए और सड़क यातायात, उपनगरीय लोकल ट्रेन सेवा तथा मेट्रो रेल सेवाएं बाधित हुईं। केरल में मूसलाधार मानसूनी बारिश ने सोमवार को भी कहर बरपाया जिससे सड़क और रेल यातायात समेत सामान्य जनजीवन बाधित हो गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग के भोपाल केंद्र में पूर्वानुमान प्रभारी दिव्या ▶▶| शेष पेज 5 पर

### मुंबई में रेल सेवाएं बाधित

*मुंबई में सुबह आठ बजे समाप्त हुए 24 घंटे की अवधि में औसतन 95 मिलीमीटर (मिमी) बारिश दर्ज की गई, जबकि पूर्वी और पश्चिमी उपनगरों में क्रमशः 58 और 75 मिमी बारिश दर्ज की गई।*

### केरल में रेड अलर्ट राजस्थान में प्री-मानसून



- दक्षिण कन्नड़ में भारी बारिश की वजह से 'रेड अलर्ट', स्कूल-कॉलेज बंद
- केरल में सड़क और रेल यातायात समेत सामान्य जनजीवन बाधित
- राजस्थान में आकाशीय बिजली गिरने से तीन की गई जान
- उत्तरप्रदेश में आकाशीय बिजली गिरने से दो दिन में 34 की मौत

### छत्तीसगढ़ में मानसून ने पकड़ी रफ्तार

उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और आसपास के क्षेत्रों में समुद्र तल से 3.1 से 7.6 किमी ऊंचाई तक एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है, जो ऊंचाई के साथ दक्षिण-पश्चिम की ओर झुका है। यह सिस्टम मानसून को छत्तीसगढ़ की ओर खींच रहा है। छत्तीसगढ़ में कई जिलों में ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया गया है। रायगढ़, कोरबा, जशपुर, सुरगुजा, सूरजपुर, कोरिया, कलरामपुर में बारिश और तेज हवा चलने की संभावना है।

## सोनप्रयाग से केदारनाथ पैदल यात्रा फिर शुरू

**देहरादून।** उत्तराखंड में गौरीकुंड और रामबाड़ा के बीच जंगलचट्टी के निकट लगातार भारी बारिश के चलते बरसाती नाले में मलबा और पत्थर आने के कारण रविवार को स्थगित की गई केदारनाथ पैदल यात्रा को सोमवार को बहाल कर दिया गया। बरसाती नाले में रविवार को भारी बारिश के दौरान आये मलबे की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मृत्यु हो गयी थी और दो अन्य घायल हो गए थे। मलबे और पत्थरों से पैदल मार्ग भी कई जगह बाधित हो गया था जिसके बाद रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन ने यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर सोनप्रयाग से आगे केदारनाथ की पैदल यात्रा पर अस्थायी रोक लगा दी थी।


चारधाम यात्रा में राहत

### तीर्थयात्रियों को ऐसी सलाह

अकस्मात होने वाली तेज बारिश के कारण पैदल मार्ग में ऊपर पहाड़ी से पत्थर या मलबा गिरने की संभावना के मद्देनजर प्रशासन ने केदारनाथ यात्रा पर आने वाले सभी श्रद्धालुओं से मौसम के पूर्वानुमान के अनुसार ही यात्रा करने को कहा है। श्रद्धालुओं से कहा गया है कि मौसम की परिस्थितियों को देखते हुए यात्रा हेतु अद्यतन जानकारी प्राप्त करते रहें और सावधानीपूर्वक यात्रा करें।

यूपी में बड़ा हादसा

## पटाखा फैक्टरी में विस्फोट चार महिलाओं की मौत

एजेंसी ▶▶| अमरोहा

अमरोहा जिले में एक वन क्षेत्र के अंदर स्थित एक पटाखा फैक्टरी में सोमवार को विस्फोट हो जाने से चार महिलाओं की मौत हो गई और 12 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह विस्फोट अतरासी गांव के पास जंगल में करीब दो किलोमीटर अंदर हुआ। उस समय करीब 25 पुरुष और महिलाएं फैक्टरी में काम कर रहे थे। विस्फोट ने टिन की छत वाली फैक्टरी को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया, जिसका मलबा 300 मीटर तक उछला और आसपास के गांवों में दहशत फैल गई।



### अवैध रूप से पटाखे बनाने का काम

ग्रामीणों ने दावा किया कि यह इकाई पिछले कुछ दिनों से चल रही थी और संदेह है कि वहां अवैध रूप से पटाखे बनाने का काम होता था। विस्फोट के बाद स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। मलबे के नीचे से पीड़ितों को निकाला गया और अधिकारियों को सूचित किया गया।

## राजा के भाई सचिन ने सोनम पर लगाया तंत्र क्रिया का आरोप

# सोनम ने पिता को बचाने राजा की दे दी बलि!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंदौर

राजा रघुवंशी हत्याकांड में एक बयान के सामने आने से पूरे मामले में नया मोड़ आ गया है। राजा के भाई सचिन ने अब सोनम रघुवंशी पर तंत्र क्रिया कर नरबलि देने का आरोप पर लगाया है। राजा के घर इंदौर के सहकार नगर में सोमवार को तेरहवीं का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में राजा की आत्मा की शांति के लिए 11 पंडितों से हवन पूजन कराया गया। इस बीच राजा के परिजनों ने सोनम समेत उसके पूरे परिवार की ▶▶| शेष पेज 5 पर

### राजा की तस्वीर उल्टी लगाई

राजा रघुवंशी के भाई सचिन ने एक सनसनीखेज बयान दिया। इससे पूरे मामले में नया मोड़ आ गया है। राजा के भाई सचिन ने कहा कि राजा की तस्वीर उल्टी लगाई गई थी। जब राजा मिसिंग हुआ था तब सोनम के पिता ने उसकी तस्वीर उल्टी लगाई थी। यह सब सोचने पर मजबूर करता है कि राजा की फोटो उल्टी क्यों लगाई गई थी।



**सोनम के पिता को दो बार हार्टअटैक**

राजा के भाई ने कहा कि इन सारी गतिविधियों पर शक होता है। सोनम के पिता को दो बार हार्टअटैक आया था। अब तो उनको कोई अटैक नहीं आ रहा है। यह सब सोचने के लिए मजबूर करता है कि एक 60 साल के व्यक्ति को बचाने के लिए उन्होंने 30 साल के शख्स की बली दे दी। असल सच्चाई क्या है।

### सोनम के नार्को टेस्ट की मांग

आरोपी अब भी पुलिस रिमांड पर हैं। राजा के भाई ने कहा कि किसी ने हमें बताया कि राजा की फोटो उन्होंने उल्टी टांगी थी। फिर हमारा दिमाग इस ओर गया कि तंत्र-मंत्र का चक्कर भी हो सकता है। सोनम कुछ भी कर सकती है। इसी वजह से मैं नार्को टेस्ट की मांग करता हूं कि इससे असल सच्चाई सामने आ जाएगी। क्या है या नहीं है। यह पता चलेगा। नार्को टेस्ट से दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

## चिंतन

# तुर्किये को संदेश देने के साथ ट्रेड व रणनीतिक महत्व भी

विकसित देशों के संगठन जी-7 के शिखर सम्मेलन में शरीक होने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूरोप के द्विपीय देश साइप्रस की दो दिवसीय यात्रा ऐसे समय में की है, जब ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तुर्किये ने खुले तौर पर पाकिस्तान के साथ दिया। तुर्किये में जब भीषण भूकंप आया था तो भारत ने भरपूर मदद की थी, तुर्किये के साथ भारत के संबंध प्राचीनकाल से है, इसके बावजूद भारत के एहसान को भुला कर तुर्किये ने भारत के खिलाफ सैन्य कार्रवाई में पाकिस्तान को ड्रोन की मदद की, यह जानते हुए कि भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ नहीं बल्कि आतंकवाद के खिलाफ एक्शन लिया था। तुर्किये और साइप्रस पड़ोसी देश हैं और दोनों के बीच अदावत है, तुर्किये ने साइप्रस के एक तिहाई हिस्से पर अवैध कब्जा कर रखा है। वर्ष 1974 के बाद से दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंध भी नहीं हैं। पीएम मोदी ने जी-7 की बैठक में जाने से पहले साइप्रस की यात्रा कर तुर्किये को दो टूक संदेश दिया है कि अगर वह भारत के खिलाफ रहेगा, तो भारत भी उसके दुखती रग पर हाथ रखेगा। भारत अपने पर्यटकों को साइप्रस जाने के लिए प्रेरित करेगा। साइप्रस भारतीय पर्यटकों के पसंदीदा गंतव्यों में से एक है। करीब 11.5 हजार भारतीय वहां विभिन्न क्षेत्र में कार्यरत हैं। साइप्रस के आईटी क्षेत्र को भारतीय प्रतिभा मजबूती दे रही है। साइप्रस के साथ संबंध को मजबूत करके भारत अपनी पकड़ इस भूमध्यसागरीय क्षेत्र में मजबूत करेगा। साइप्रस ने जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपना सर्वोच्च सम्मान ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस-III दिया है, इससे साफ है कि वह खुद भारत के साथ अपने रिश्ते को नई ऊंचाई तक ले जाने के लिए कितना उत्सुक है। साइप्रस गणराज्य के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स ने पीएम मोदी को यात्रा के लिए निमंत्रण दिया था। पीएम मोदी साइप्रस जाने वाले तीसरे भारतीय प्रधानमंत्री हैं। इससे पहले 1983 में इंदिरा गांधी और 2002 में अटल बिहारी वाजपेयी ने इस देश का दौरा किया था। तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 2018 में और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 2022 में साइप्रस का दौरा किया था। पीएम की साइप्रस यात्रा का महत्व केवल तुर्किये को संदेश देने भर तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे व्यापक है। इसमें ट्रेड, रणनीतिक साझेदारी, सामुद्रिक सुरक्षा, ऊर्जा सहयोग व आतंकवाद के खिलाफ अभियान भी है। साइप्रस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन किया है। इस वर्ष भारत-साइप्रस-ग्रीस साझेदारी शुरू हुई है। भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) में भी साइप्रस अहम भागीदार है। साइप्रस यूरोपीय संघ (ईयू) का सदस्य देश है। भारत ईयू के साथ मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है। अगले वर्ष 1 जनवरी से साइप्रस ईयू का अध्यक्ष देश होगा, ऐसे में भारत को एफटीए में मदद मिलेगी। भारतीय कंपनियों व निवेशकों, आईटी क्षेत्र व डिजटेक के लिए साइप्रस यूरोप का प्रवेश द्वार है। भारत व साइप्रस रक्षा, साइबर, समुद्री सुरक्षा, संकट प्रबंधन, पर्यटन, नवाचार और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में मिलकर काम करेंगे। आतंकवाद, ड्रग्स और हथियारों की तस्करी को रोकने को दोनों देशों की एजेंसियों के बीच वास्तविक समय में सूचना के आदान-प्रदान के लिए एक तंत्र विकसित किया जाएगा। साइप्रस और ग्रीस ने आतंकवाद, कश्मीर, भारत की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यता, 1998 के परमाणु परीक्षण सहित प्रमुख मुद्दों पर भारत का समर्थन किया है।



## विश्लेषण
उमेश चतुर्वेदी

# साइप्रस यात्रा से तुर्किये को कड़ा संदेश

मोदी ने साइप्रस जाकर दो संदेश देने की कोशिश की है। पहला संदेश तुर्किये के लिए है। भारत ने जता दिया है कि वह साइप्रस को सहयोग देगा और साइप्रस से सहयोग लेगा। साइप्रस के आईटी उद्योग और पर्यटन में भारत के हजारों लोग कार्यरत हैं। दूसरा संदेश भारतीयों के लिए है। पहले भारत से बहुत सारे सैलानी तुर्किये जाते थे, लेकिन अब वे साइप्रस जाएंगे। मोदी की कोशिश साइप्रस को बढ़ाकर तुर्किये की आर्थिक रीढ़ पर चोट पहुंचाना है। साथ ही तुर्किये को संदेश देना है कि जरूरत पड़ने पर भारत उसके खिलाफ कड़े कदम भी उठा सकता है। प्रधानमंत्री ने कनाडा जाते हुए साइप्रस की यात्रा से तुर्किये को भी चौंकाया है। यह सीधे तौर पर कूटनीतिक जवाब है

ऑपरेशन सिंदूर के बाद एक टीवी चैनल के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से पूछा गया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों पर भारत की कार्रवाई इतनी सटीक क्यों रही? पाकिस्तान की खुफिया सेवा इसे भांप क्यों नहीं पाई, पाकिस्तानी राजनेता और सेना क्यों भारतीय कार्रवाई का अंदाजा नहीं लगा पाए। सवाल खत्म होते ही प्रधानमंत्री ठठाकर हंस पड़े। हंसते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना और राजनीति भारत के विपक्षी दलों की ही तरह हैं। जिस तरह वे मेरे बारे में अंदाजा नहीं लगा सकते, कुछ उसी तरह पाकिस्तानी भी अंदाजा नहीं लगा सकते। दिल्ली में केंद्रीय सत्ता संभालने के बाद प्रधानमंत्री मोदी के कदमों को देखिए। हर बार वे चौंकाते रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद जब समूचा विपक्ष भारत सरकार की विदेश नीति की नाकामी को लेकर मोदी सरकार पर निशाना लगा रहा था, प्रधानमंत्री ने साइप्रस की यात्रा करके देश को चौंका दिया है। भूमध्य सागर के द्वीपीय देश साइप्रस की यात्रा का अचानक से ऐलान होना और कनाडा जाते हुए रास्ते में प्रधानमंत्री मोदी का साइप्रस उतरना और वहां के शीर्ष नेताओं से मिलना भारतीय विदेश नीति का चौंकाऊं फैसला ही है।

देश के शीर्ष नेताओं की विदेश यात्राएं अरसा पहले से तय होती हैं, उसकी जानकारी राजनीति के साथ ही पत्रकारिता को भी होती है। लेकिन प्रधानमंत्री की साइप्रस यात्रा अचानक से हुई है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने प्रधानमंत्री की साइप्रस यात्रा का 14 मई को अचानक ऐलान किया। साइप्रस की राजधानी निकोसिया में प्रधानमंत्री मोदी ने वहां के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स से बातचीत भी की। ऐसे में सवाल यह उठ सकता है कि साइप्रस की यह अचानक यात्रा क्यों?

इस सवाल के जवाब में एक बार फिर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हुई घटनाओं की ओर लौटना होगा। याद कीजिए, तब पाकिस्तान ने भारत पर ड्रोन के जरिए सैकड़ों हमले किए थे। उन हमलों को बेशक भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया। साइप्रस की यात्रा के लिए हमें उन हमलों में इस्तेमाल हुए ड्रोन को देखना होगा। पाकिस्तान ने जिन ड्रोन से हमले किए, ज्यादातर तुर्किये में बने सोनगार ड्रोन थे। हवाई हमलों में तुर्किये के इन ड्रोन को बेहद मारक माना जाता है। हालांकि वे भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम के सामने बेकार ही साबित हुए। कूटनीतिक हलकों को पता है कि तुर्किये के राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप अर्दोआन ने पाकिस्तान को उपलब्ध कराया। अर्दोआन ने पर्दे के पीछे से पाकिस्तान का साथ दिया। इतना ही नहीं, भारत ने जब इस बात को अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने रखा तो अर्दोआन ने 'एक्स' पर 'पाकिस्तान-तुर्किये दोस्ती जिंदाबाद' लिखकर एक तरह से भारत के आरोप को साबित कर दिया। इसे भारत को मुंह चिढ़ाना भी कह सकते हैं। यह उस तुर्किये का कदम था, जिसे भारत ने दो साल पहले दिल खोलकर मानवीय आधार पर सहयोग दिया था। छह फरवरी 2023 को तुर्किये में 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था, उस झटके में वहां 53 हजार लोगों की मौत हो गई थी। भारत ने मानवीय सहायता के साथ ही विशेषज्ञों की टीम के साथ बचाव दल भेजा था। राहत के तुर्किये पहुंचने वाली टीमों में भारत की टीम भी शामिल थी। तुर्किये के राष्ट्रपति ने जब ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान से



दोस्ती को जगजाहिर किया तो उसे भारत के लोगों ने भारत के लिए मुंह चिढ़ाना माना। रही-सही कसर पूरी हुई मई के आखिर में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ की तुर्किये की यात्रा से। तब भारत के सामने अर्दोआन के रूख को लेकर कोई गुंजाइश ही नहीं रही। ऐसा नहीं कि पहली बार तुर्किये ने भारत के खिलाफ पाकिस्तान का पक्ष लेते हुए ऐसा कदम उठाया है। संयुक्त राष्ट्र संघ समेत कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान के पक्ष में अर्दोआन सहयोगी भूमिका पेश करते रहे हैं। इन वजहों से तुर्किये को लेकर भारत में गुस्सा भी बहुत रहा है। कश्मीर पर तुर्किये हर बार पाकिस्तान के साथ ही खड़ा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी का साइप्रस दौरा भारत के उसी गुस्से की अभिव्यक्ति और भारत को मुंह चिढ़ाने के अर्दोआन के प्रयासों का जवाब माना जा सकता है। इसकी वजह है कि साइप्रस व तुर्किये के बीच जारी बरसों पुराना विवाद। साइप्रस में यूनानी और तुर्किये मूल के लोग रहते हैं। दोनों समुदायों में नस्ली आधार पर विवाद रहा है। साइप्रस में साल 1974 में तत्कालीन सरकार के खिलाफ यूनानी मूल के आतंकी समूहों ने तख्तापलट की कोशिश की। इसे तुर्किये ने अपने लोगों के खिलाफ युद्ध माना। इसके बाद तुर्किये ने साइप्रस पर हमला कर दिया। इस दौरान तुर्किये की सेनाओं ने साइप्रस के दूसरे नंबर के मशहूर शहर वरोशा पर कब्जा कर लिया था। यहां तुर्किये की सेना के 35 हजार जवान यहां तैनात हैं। इसके बाद से एक तरह से यह द्वीपीय देश दो हिस्सों में बंट गया है। तुर्किये के अवैध कब्जे वाले इलाके को उसने राष्ट्र का दर्जा दे रखा है। दिलचस्प है कि इस राष्ट्र के अस्तित्व को तुर्किये के अलावा कोई देश स्वीकार नहीं करता। साइप्रस यूरोपीय संघ का भी सदस्य है और एक जनवरी 2026 से वह संघ का अध्यक्ष बनने जा रहा है। भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते को लेकर बातचीत चल रही है। भारत को उम्मीद है कि साइप्रस के अध्यक्ष रहते यूरोपीय संघ और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौता हो जाएगा। साइप्रस कई मौकों पर भारत की संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट की दावेदारी का समर्थन कर चुका है।

मोदी ने साइप्रस जाकर दो संदेश देने की कोशिश की है। पहला संदेश तुर्किये के लिए है। भारत ने जता दिया है कि वह साइप्रस को सहयोग देगा और साइप्रस से सहयोग लेगा। वैसे भी साइप्रस के आईटी उद्योग और पर्यटन में भारत के हजारों लोग कार्यरत हैं। साइप्रस स्थित भारतीय हाईकमीशन के मुताबिक साइप्रस में साढ़े ग्यारह हजार लोग रहते हैं। मोदी की साइप्रस यात्रा का दूसरा संदेश भारतीयों के लिए है। पहले भारत से बहुत सारे सैलानी तुर्किये जाते थे, लेकिन अब वे साइप्रस जाएंगे। वैसे पाकिस्तान के सहयोग के खुलासे के बाद से ही तुर्किये के लिए बुक टिकटों को भारतीयों ने कैंसल कराना शुरू कर दिया था। मोदी की कोशिश साइप्रस को बढ़ाकर तुर्किये की आर्थिक रीढ़ पर चोट पहुंचाना है। साथ ही तुर्किये को संदेश देना है कि जरूरत पड़ने पर भारत उसके खिलाफ कड़े कदम भी उठा सकता है।

प्रधानमंत्री ने कनाडा जाते हुए साइप्रस की यात्रा से तुर्किये को भी चौंकाया है। राष्ट्रपति अर्दोआन ने 2021 में कहा था कि साइप्रस की जिम्मेदारी तुर्किये की है। यानी एक तरह से वह साइप्रस के एकीकरण के संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्ताव के खिलाफ हैं। अर्दोआन के कदम का इजरायल कड़ा विरोध करता है। साइप्रस की मौजूदा सरकार के साथ इजरायल मजबूती से खड़ा है। पीएम मोदी की साइप्रस की यात्रा के बाद इजरायल, भारत और साइप्रस संबंधों को भी गति मिलने की संभावना है। दुनिया इन दिनों चीन के 'वन बेल्ट-वन रोड' के जवाब में मध्य पूर्व के देशों के साथ यूरोप 'इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर' यानी आईएमईसी पर काम कर रहा है। भारत-साइप्रस संबंध और मजबूत होंगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## एयर इंडिया हादसा
विवेक शुक्ला




# एक स्मारक विमान हादसों के शिकार मुसाफिरों की याद में

राजधानी के इंडिया गेट के करीब पृथ्वीराज रोड पर आपको एक ईसाई कब्रिस्तान दिखाई देता है। नाम है रायल सिमिट्री। इसके अंदर कभी जाइये और घूमिए। इधर पूर्व राष्ट्रपति के.आर. नारायणन और मशहूर मॉडल जेसिका लाल की कब्रों से चंद कदमों की दूरी पर बनी एक कब्र को देखकर आप ठिठकते हैं। ये एक सांकेतिक कब्र उन अभागे मुसाफिरों की है,जो जापान एयर लाइंस के विमान के 14 जून,1972 को हुए हादसे में मारे गए थे। ये विमान बैंकाक से दिल्ली आ रहा था। ये उसी जगह पर गिरा था,जिधर अब आबाद है साउथ दिल्ली का वसंत कुंज। इस हादसे में 82 मुसाफिर मारे गए थे। इसमें पायलट और उनके बाकी सहयोगी भी थे। हादसे के ज्यादातर शिकार यात्री अमेरिका और ब्राजील के नागरिक थे। जापान एयरलाइंस के विमान में ब्राजील की मशहूर फिल्मी हस्ती लैला डिंज और भारत के नामवर कृषि वैज्ञानिक डॉ. के.के.पी. नरसिंह राव भी सवार थे। इसके अलावा, विमान के गिरने के कारण भी चार लोगों की जान चली गई थी। अभी हाल ही में अहमदाबाद में एयर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण 270 से अधिक मुसाफिरों के अलावा कई वे लोग भी मारे गए हैं, जिन पर विमान के टुकड़े गिरे थे। बहरहाल, रायल सिमिट्री की उस कब्र को देखकर समझ आ जाता है कि अब इधर फूल चढ़ाने के लिए कभी- कभार ही कोई आता होगा। इस पर लिखे शब्द मिट रहे हैं। अब बड़ा सवाल ये है कि क्या विमान हादसों में मारे गए लोगों की याद में स्मारक बने? बेशक, बने तो अच्छा होगा । बेशक विमान हादसों में अपनी जान गंवाने वालों की स्मृति में स्मारक बनाना एक संवेदनशील मुद्दा है। स्मारक एक तो उन लोगों को श्रद्धांजलि होगी जो अकारण मारे गए। यह पीड़ितों के परिवारों और मृतकों के दोस्तों को शोक व्यक्त करने और उनकी स्मृति को जीवित रखने का एक स्थान होगा। दूसरा, इन स्मारकों का एक बड़ा संदेश विमानन सुरक्षा के महत्व को रेखांकित करना भी होगा कि भविष्य में ऐसी त्रासदियों को रोकने के लिए बेहतर उपायों की आवश्यकता पर ध्यान आकर्षित किया जाए। अब से लगभग चालीस साल पहले 23 जून 1985 को हुए एयर इंडिया फ्लाइट 182 (कनिष्क विमान) हादसे का यहां जिक्र करना जरूरी है। यह विमान कनाडा के मॉन्ट्रियल शहर से लंदन होते हुए दिल्ली और मुंबई जा रहा था, जब आयरिश हवाई क्षेत्र में 31 हजार फीट की ऊंचाई पर एक बम विस्फोट के कारण यह अटलांटिक महासागर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में कनिष्क विमान में सवार सभी 329 लोग मारे गए, जिनमें भारतीय मूल के 268 कनाडाई नागरिक, 27 ब्रिटिश और 22 भारतीय शामिल थे। इसे आधुनिक कनाडा के इतिहास में सबसे बड़ा आतंकवादी हमला और उस समय तक का सबसे घातक विमानन आतंकवादी घटना माना जाता है। इस भयंकर हादसे के पीड़ितों की याद में दो स्मारक बनाए गए। आयरलैंड में हादसे की पहली बरसी पर 1986 में, एक स्मारक का अनावरण किया गया। यह स्मारक उस स्थान के पास है जहां विमान समुद्र में गिरा था। यह पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने और इस दुखद घटना को याद रखने का प्रतीक है। उधर, कनाडा में भी इस हादसे के पीड़ितों की याद में स्मारक बना। 2015 में, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कनाडा गए थे, उन्होंने टोरंटो में इस हादसे के स्मारक का दौरा किया था। इन दोनों स्मारकों में पीड़ितों के परिवार आते-जाते हैं। कनिष्क विमान हादसा खालिस्तानी आतंकवाद से जुड़ा था, और स्मारक इस तरह की आतंकी घटनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मदद करते हैं। इस तरह के स्मारक महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि वे न केवल पीड़ितों को सम्मान देते हैं, बल्कि भविष्य में ऐसी त्रासदियों को रोकने के लिए विमानन सुरक्षा और आतंकवाद-रोधी उपायों पर ध्यान केंद्रित करने की तरफ इशारा करते हैं। हालांकि, इन्हें बनाते समय पीड़ितों के परिवारों की भावनाओं और सहमति का ध्यान रखना जरूरी है। आयरलैंड और कनाडा में बने स्मारक इस दिशा में एक सकारात्मक कदम हैं। अगर भारत में भी विमान हादसे में शिकार हुए यात्रियों की याद में स्मारक बनाया जाए तो इसमें कोई बुराई तो नहीं होगी। अब रायल सिमिट्री की सांकेतिक कब्र को देखकर दिल दुखी हो जाता है। एक बात और। इस सांकेतिक कब्र पर हर साल क्रिसमस पर दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी से जुड़े हुए फादर सोलोमन जॉर्ज फूल अवश्य चढ़ाते हैं। उन्हें उम्मीद थी कि ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डिसिल्वा जब 2023 में जी-20 शिखर सम्मेलन भाग लेने राजधानी आएंगे, तब वे रायल सिमिट्री में भी आएंगे उस कब्र पर जो उनके और अमेरिका के नागरिकों की याद में बनी है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# आत्मबल के लिए ईश्वर के सान्निध्य में जाए



संकलित
## दर्शन

जब व्यक्ति किसी कार्य को करने चलता है, तो उसके मन-हृदय में बारंबार विचार-भाव उठते हैं कि वह कार्य करें या नहीं, उससे होगा या नहीं और परिणाम भी सफलता और असफलता के रूप में सामने आता है। किसी कार्य को करने के लिए बल की आवश्यकता होती है। इसके बिना उसको गति देना असंभव है। कई बार किसी कार्य को करते समय नाना-प्रकार के संकट उसमें बाधा बन खड़े हो जाते हैं। ऐसे में कोई व्यक्ति उस कार्य को बीच में ही छोड़ देता है। परिणामस्वरूप उसे असफलता हाथ लगती है। असफलता यह सिद्ध करती है कि अमुक कार्य को पूरे मनोयोग से नहीं किया गया। मनोयोग का अर्थ होता है-तन, मन और हृदय से समर्पित होकर किसी कार्य को करना। किसी कार्य में सफल होने के लिए व्यक्ति में मानसिक संतुलन, विश्वास, जिज्ञासा, लगन, संघर्ष करने की क्षमता और तन्मयता जैसे गुणों का होना जरूरी होता है। इनकी प्राप्ति आत्मबल से होती है। आत्मबल की प्राप्ति के लिए ईश्वर के सान्निध्य में जाना पड़ता है। सान्निध्य पाने के लिए ईश्वर का विश्वास आवश्यक है। विश्वास पाने के लिए तप-साधना करनी पड़ती है। चूंकि आत्मबल में ईश्वर की शक्ति निहित होती है, इसीलिए इसे ब्रह्मबल भी कहते हैं। आत्मबल से संपन्न मनीषी के लिए कोई कार्य असंभव नहीं रहता है। उसका कोई कार्य बीच में नहीं रुकता है। जब शरीरबल और मनोबल टूट जाता है तो उस समय आत्मबल सहारा देता है। आत्मबल से युक्त व्यक्ति कभी हताश-निराश नहीं होता है।

# भगवान को धन की कोई आवश्यकता नहीं



संकलित
## प्रेरणा

एक सेठ के पास एक व्यक्ति काम करता था। सेठ उस व्यक्ति पर बहुत विश्वास करता था। वो व्यक्ति भगवान का बहुत बड़ा भक्त था। वह सदा भगवान के चिंतन भजन कीर्तन स्मरण सत्संग आदि का लाभ लेता रहता था। एक दिन उस ने सेठ से श्री जगन्नाथ धाम यात्रा करने के लिए कुछ दिन की छुट्टी मांगी सेठ ने उसे छुट्टी देते हुए कहा- भाई! मैं तो हूं संसारी आदमी हमेशा व्यापार के काम में व्यस्त रहता हूं, तुम जा ही रहे हो तो यह लो 100 रुपए मेरी ओर से श्री जगन्नाथ प्रभु के चरणों में समर्पित कर देना। भक्त सेठ से सौ रुपए लेकर श्री जगन्नाथ धाम यात्रा पर निकल गया। वह श्री जगन्नाथ पुरी पहुंचा। मंदिर की ओर प्रस्थान करते समय उसने रास्ते में देखा कि बहुत सारे संत, भक्त जन, वैष्णव जन, हरि नाम संकीर्तन बड़ी मस्ती में कर रहे हैं। भक्त भी वहीं रुक कर हरिनाम संकीर्तन का आनंद लेने लगा। उसने सोचा क्यों ना सेठ के सौ रुपए से इन भक्तों को भोजन करा दूँ। सबको भोजन कराने में उसे कुल 98 रुपए खर्च करने पड़े। उसके पास दो रुपए बच गए उसने सोचा चलो अच्छा हुआ दो रुपए जगन्नाथ जी के चरणों में सेठ के नाम से चढ़ा दूंगा। भक्त ने श्री जगन्नाथ जी के दर्शन किए और अंत में उसने सेठ के दो रुपए श्री जगन्नाथ जी के चरणो में चढ़ा दिए। भगवान को आपके धन की कोई आवश्यकता नहीं है। भगवान को वह 98 रुपए स्वीकार है जो जीव मात्र की सेवा में खर्च किए गए और उस दो रुपए का कोई महत्व नहीं जो उनके चरणों में नगद चढ़ाए गए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### फर्जी एप्स से बचें

हमारे देश में विभिन्न कंपनियों ने एप्स के जरिए लोन देने की व्यवस्था की है, ताकि लोगों को आसानी से घर बैठे ही कुछ मिनटों में लोन उपलब्ध हो सके। लेकिन कुछ फर्जी एप्स भी हो सकते हैं। इसके लिए जागरूकता बहुत जरूरी है, ताकि किसी फर्जी एप्स के जरिए लिया गया लोन मुसीबत न बने। जब किसी को आर्थिक संकट आता है, या जब किसी का कोई परिवारजन बीमार होता है या जब किसी गरीब या मिडल क्लास के बच्चे की पढ़ाई का खर्चा पूरा न हो रहा हो या किसी व्यापारी को व्यापार के लिए धन की जरूरत हो तो ऐसे में इन सभी को सरकारी बैंकों या अन्य उचित एप्स से लोन आसानी से न मिल रहा है, तो ऐसे वर्ग के लोग फर्जी लोन एप्स के जंजाल में फंस जाते हैं और मुसीबत में पड़ जाते हैं। इसलिए सरकार को इन फर्जी एप्स से कड़ाई से निपटना चाहिए।

*– मनोज पटेल, धमतरी*

## करंट अफेयर


# चीन ने कहा, हमारा परमाणु भंडार न्यूनतम स्तर पर



चीन ने अपने तेज़ी से बढ़ते परमाणु हथियार भंडार को लेकर सफाई दी है कि यह अब भी उसकी न्यूनतम आवश्यकताओं के अनुरूप ही है। चीन ने हालांकि अमेरिका और रूस की बराबरी करने के लिए परमाणु होड़ में शामिल होने की आशंकाओं को खारिज करते हुए कहा कि वह परमाणु हथियारों की किसी दौड़ में शामिल नहीं है, बल्कि उसकी नीति न्यूनतम प्रतिरोध की है। जानकारी के मुताबिक, चीन हर साल 100 से अधिक नए परमाणु हथियार तैयार कर रहा है और अब उसके पास कुल मिलाकर करीब 600 परमाणु हथियार हो चुके हैं। एक स्वीडिश विचारक संस्था द्वारा सोमवार को जारी 'स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट' के अनुसार, बीजिंग ने 2023 से प्रत्येक वर्ष अपने परमाणु भंडार में 100 अतिरिक्त हथियार जोड़े हैं। उसके मुताबिक, वर्तमान में इसके पास कम से कम 600 हथियार हैं, और ऐसी आशंका है कि यह संख्या "आने वाले दशक में बढ़ती रहेगी। रिपोर्ट में कहा गया है, "चीन के पास दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ता परमाणु शस्त्रागार है" जहां अधिकांश चीनी परमाणु आयुध को उनके लॉन्चर्स से अलग रखा गया है, वहीं माना जा रहा है कि चीन अब सीमित संख्या में मिसाइलों पर परमाणु हथियार तैनात करना शुरू कर रहा है।

## ऑफ बीट

# नाक से सांस लेने पर आपकी दौड़ हो सकती है आसान



श्वास अवचेतन है। हमें इसके बारे में सोचने की ज़रूरत नहीं है – यह बस हो जाता है। कम और मध्यम तीव्रता वाले व्यायाम (जैसे पैदल चलना और साइकिल चलाना) के दौरान, हममें से अधिकांश लोग अपनी नाक से सांस लेते हैं और अपने मुंह से सांस छोड़ते हैं। लेकिन व्यायाम जितना अधिक तीव्र होता जाता है, उतना ही हम पूरी तरह मुंह से सांस लेने लगते हैं। हममें से अधिकांश लोग यह मानेंगे कि गहन व्यायाम के दौरान मुंह से सांस लेना सबसे अच्छी तकनीक है, क्योंकि यह हमारी मांसपेशियों तक अधिक ऑक्सीजन पहुंचने में मदद देता है। लेकिन सबूत इसके विपरीत दिखाते हैं – और यह कि आपकी नाक से सांस लेना वास्तव में गहन व्यायाम (जैसे दौड़ना) के दौरान उपयोग करने के लिए एक बेहतर तकनीक हो सकती है। व्यायाम करते समय, मुंह से सांस लेने की तुलना में नाक से सांस लेने पर कम ऑक्सीजन का उपयोग होता है। हालांकि यह कोई फ़ायदा नहीं लग सकता है, लेकिन मूल रूप से इसका मतलब यह है कि शरीर कम ऑक्सीजन का उपयोग करते हुए भी उतनी ही मात्रा में व्यायाम कर सकता है। और गति को अधिक समय तक बनाए रखना ही सफलता का मूलमंत्र है।

## ट्रेंड

### साइप्रस सरकार का आभार



'द ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मैकारियोस III' से सम्मानित करने के लिए मैं साइप्रस सरकार का आभार व्यक्त करता हूं। यह मेरा नहीं है, 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। मैं यह पुरस्कार भारत और साइप्रस की चिरस्थायी मित्रता को समर्पित करता हूं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### स्वास्थ्य सेवाएं जारी रहेंगी



गाजा में संचालित सबसे बड़े स्वास्थ्य कर्मियों में से एक है जो वर्तमान में 15,000 दैनिक स्वास्थ्य परामर्श प्रदान करता है। स्वास्थ्य टीमें जबरन विस्थापन और महत्वपूर्ण संसाधनों की कमी से घिरे समुदायों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना जारी रखती हैं।

-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

### मोदी का गहरा वैश्विक प्रभाव



भारत के किसी भी प्रधानमंत्री का वैश्विक स्तर पर इतना गहरा प्रभाव नहीं रहा। यह कहानी सिर्फ़ एक नेता की नहीं है; यह विश्व मंच पर भारत की आर्थिक ताकत, रणनीतिक स्पष्टता को दर्शाती है। यह 140 करोड़ भारतीयों ने पीएम मोदी के नेतृत्व में विश्वास से संभव हुआ है।

- रेखा गुप्ता, सीएम दिल्ली

### सही चीज चुनना जरूरी



खुशी आपके खुद से बात करने के तरीके, आपके कार्यों के आपके मूल्यों के अनुरूप होने से बनती है। सच्ची खुशी अधिक पाने में नहीं है- बल्कि कम की जरूरत, आभारी होना और अपने लिए सही चीज चुनना है।

-हर्ष गोयनका उद्योगपति

## अपने विचार
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# 14 साल बाद मिला बुजुर्ग दंपति को हाईकोर्ट से न्याय, अपनी ही जमीन के लिए लड़ रहे थे लड़ाई

अपनी ही जमीन को बेचने के लिए 14 साल से संघर्ष कर रहे महासमुंद जिले के बुजुर्ग दंपती को आखिरकार हाईकोर्ट से न्याय मिल गया है। कोर्ट ने कलेक्टर और राजस्व मंडल द्वारा पारित पुराने आदेशों को निरस्त करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता को उनकी भूमि बेचने की अनुमति 60 दिनों के भीतर देने कहा है।

याचिकाकर्ता को उनकी भूमि बेचने की अनुमति 60 दिनों के भीतर देने का आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

महासमुंद जिले के ग्राम बागबहरा निवासी ईश्वरलाल अग्रवाल और उनकी पत्नी शंकुतला अग्रवाल (उम्र लगभग 64 वर्ष) को खसरा नंबर 1492 (अब 760, 773/1, 770, 774/2, 774/3, 773/2, 773/3) की 0.800 हेक्टेयर भूमि का पट्टा दिया गया था। यह भूमि वे पिछले 36 वर्षों से अपने कब्जे में रखकर उसका विधिवत उपयोग कर रहे हैं और आवश्यक भुगतान भी कर रहे हैं। दंपती ने इस जमीन को बेचने के लिए कलेक्टर महासमुंद के समक्ष आवेदन दिया था। कलेक्टर ने बिना कोई स्पष्ट कारण बताए इसे अवैध कब्जा मानते हुए 4 जून 2012 को आवेदन खारिज कर दिया। इसके बाद उन्होंने पहले कमिश्नर रायपुर और फिर राजस्व मंडल में अपील की, लेकिन दोनों जगह से उन्हें राहत नहीं मिली।



## बिक्री की अनुमति दें

इसके बाद हाईकोर्ट में एडवोकेट पलाश तिवारी के माध्यम से अपील की गई। जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद की सिंगल बेंच ने दंपती के पक्ष में फैसला सुनाया। अदालत ने स्पष्ट किया है कि कलेक्टर और राजस्व मंडल का निर्णय उचित नहीं है। साथ ही कलेक्टर महासमुंद को आदेशित किया गया कि याचिकाकर्ता द्वारा दाखिल आवेदन पर 60 दिनों के भीतर निर्णय लेते हुए बिक्री की अनुमति दें। कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा कि चूंकि याचिकाकर्ता अब वृद्ध हो चुके हैं और यह मामला वर्ष 2011 से लंबित है, अतः प्रशासन को यथासंभव सभी प्रयास करके उन्हें न्याय दिलाना चाहिए, ताकि भविष्य में उन्हें दोबारा अदालतों के चक्कर न काटने पड़ें।

### गिधौरी थाना क्षेत्र के ग्राम खपरीडीह का मामला, एक की तलाश जारी

# युवक को खंभे से बांधकर पिटाई करने वाले खनिज माफिया के पांच गुर्गे हुए गिरफ्तार

गिधौरी थाना क्षेत्र के ग्राम खपरीडीह में 12 जून को खनिज माफिया द्वारा युवक को बांधकर पिटाई करने वाले 5 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। घटना के बाद से ग्रामीणों में आक्रोश है। उनका कहना है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार/ गिधौरी

विदित हो कि खनिज माफिया से जुड़े छह आरोपियों ने एक युवक को गांव के गुड़ी चौक स्थित रंगमंच के खंभे से बांधकर सरेआम लाठी, डंडा, बेल्ट और रॉड से बर्बरतापूर्वक तरीके से पिटाई की। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश और भय का माहौल है। पीड़ित परमेश्वर साहू निवासी ग्राम कुम्हारी पेशे से ट्रैक्टर चालक हैं और विभिन्न सामग्री का परिवहन करता हैं। उस पर माफिया को खनिज विभाग का मुखबिर होने का संदेह था। इसी शंका के चलते आरोपियों ने पहले उसे मोटरसाइकिल से गिराया, फिर करीब आधा किलोमीटर तक घसीटते हुए चौक तक ले जाकर खंभे से बांधा और जमकर पीटा।

हरिभूमि लगातार

## पुलिस और पीड़ित पक्ष की प्रतिक्रियाएं

पुलिस का कहना है कि यह मामला आपसी रंजिश और पूर्व विवाद से जुड़ा है। वहीं पीड़ित परमेश्वर साहू ने पुलिस पर लीपापोती करने और मामले को प्रेम प्रसंग व आपसी रंजिश का रूप देने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि यह पूरी घटना खनिज माफिया की करतूत है। उनका उद्देश्य मुखबिर बताकर सजा देना और दहशत फैलाना था।


खनिज माफिया का आतंक
चौराहे पर रस्सियों से बांधा, बेदम पीटा, सैकड़ों ग्रामीण देखते रहे





## विधायक ने लिखा कलेक्टर को पत्र, जांच करें

संदीप साहू विधायक कसडोल ने कलेक्टर बलौदाबाजार को पत्र लिखकर ग्राम खपरीडीह की घटना की सूक्ष्म जांच की मांग की है। जिले में चल रहे अवैध रूप से संचालित केसर गिट्टी, रेत, मुरूम एवं पत्थर की खदानों जांच कर खनिज तस्करी को बंद कराये जाने की मांग की है।

## घटना का मकसद लोगों में खौफ पैदा करना

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह पिटाई इसलिए की गई, ताकि खनिज माफिया के खिलाफ भविष्य में कोई भी व्यक्ति हिम्मत न कर सके। घटना के दौरान गांव के सैकड़ों लोग मौजूद थे, लेकिन भयवश कोई आगे नहीं आया।

## फरार युवक की तलाश जारी

गिधौरी पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धाराओं 115(2), 127(2), 296, 3(5), 351(3) और 109(1) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों गया पटेल, दिलहरण कश्यप, यशवंत पटेल, केवल केवट और दिग्विजय वैष्णव को गिरफ्तार किया है। एक अन्य आरोपी आनंद दास फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

**टोल में वाहन सवारों से मारपीट, जुर्म दर्ज**

**जगदलपुर।** बस्तर थाना क्षेत्र स्थित बढ़ईगुड़ा टोल प्लाजा में रविवार देर शाम टोल कर्मचारियों द्वारा वाहन में सवार लोगों से मारपीट व महिलाओं से अभद्र व्यवहार करने का मामला दर्ज किया गया है। मामले में बस्तर पुलिस ने आरोपी अमन विश्वकर्मा, शुभम विश्वकर्मा, अन्तु विश्वकर्मा, सौरभ बघेल, रिंकू विश्वकर्मा व सतीश नागेश के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।


## इंद्रजीत प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड

**आवश्यकता है**

**घुगूस, चंद्रपुर में कुशल, समर्पित, अनुभवी और जिम्मेदार ड्राइवर और ऑपरेटर की आवश्यकता है**

**उम्र:** 20 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए, **शिक्षा:** दसवीं पास
**आप अपना आवेदन नीचे दिये पत्ते पर भेजे - :**
**पता:** इंद्रजीत प्रॉपर्टीज प्रा. लि., PO Box No – 104, चंद्रपुर हेड पोस्ट ऑफिस 442401, जिल्हा-चंद्रपूर(महाराष्ट्र)
**ईमेल पता:** – JOBS.IPPL@GMAIL.COM
**व्हाट्सऐप नंबर:** 9226531389
**आवश्यक दस्तावेज:**
1. संबंधित वाहन के लिए वैध ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य है।
2. पुलिस सत्यापन प्रमाणपत्र आवश्यक है।
3. अनुभव प्रमाण पत्र।

उत्कृष्ट वेतन और अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं। आज ही इस अवसर का लाभ उठाएं और अपने करियर को नई दिशा दें।

**पद उपलब्ध**

| | |
|---|---|
| 1. ट्रान्झिट मिक्सर | 14. व्हील लोडर (3 टन आणि 5 टन क्षमता) |
| 2. बूम प्लेसर | 15. हायड्रॉलिक क्रेन (75T, 100T, 160T, 180T, 200T, 250T, 300T) |
| 3. बॅचिंग प्लांट (30 Cum आणि 60 Cum) | 16. इंडस्ट्रियल व्हॅक्यूम क्लिनर |
| 4. डम्पर / हायवा | 17. रोड स्वीपर, फॉगर मशीन |
| 5. Excavator (JCB215) | 18. डिझेल ब्राउजर |
| 6- Excavator (Breaker Attachment) | 19. ऑटोमोबाईल मेकॅनिक |
| 7. बॅकहो लोडर | 20. हायड्रॉलिक मेकॅनिक |
| 8. फॅराना | 21. ऑटोमोबाईल इलेक्ट्रिशियन |
| 9. हायड्रा (12 टन) | 22. ऑटो इलेक्ट्रिशियन हेल्पर |
| 10. मॅनलिफ्टर (120 Ft आणि 135 Ft) | 23.ऑटो इलेक्ट्रिशियन |
| 11. फोर्कलिफ्ट | 24. टायर फिटर |
| 12. ट्रेलर | 25. वेल्डर |
| 13- मिनी ट्रक (कॅम्पर) | |

**आवेदन प्रक्रिया:** अभ्यर्थी को अपने आवेदन में स्पष्ट रूप से उल्लेख करना होगा कि वह किस पद के लिए आवेदन कर रहा है, अन्यथा आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि: 17/06/2025 से 10 दिनों के भीतर।







- खाद्य वस्तुओं और ईंधन की कीमतों में आई नरमी
- सब्जियां मई में 21.62 प्रतिशत सस्ती हुईं
- वैश्विक स्तर पर तनाव के कारण कीमतें बढ़ सकती हैं

## थोक मुद्रास्फीति मई में घटकर 0.39 प्रतिशत पर आई

# राहत : मई में कम हुई थोक महंगाई, 14 महीने के सबसे निचले स्तर पर आई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

खाद्य वस्तुओं, विनिर्मित उत्पादों और ईंधन की कीमतों में नरमी के बीच मई में थोक मुद्रास्फीति (डब्ल्यूपीआई) घटकर 14 महीने के निचले स्तर 0.39 प्रतिशत आ गई। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक स्तर पर तनाव के कारण कीमतें बढ़ सकती हैं।

थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल में 0.85 प्रतिशत और मई 2024 में 2.74 प्रतिशत रही थी। उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''...मुख्य तौर पर खाद्य उत्पादों, बिजली, अन्य विनिर्माण, रसायनों व रासायनिक उत्पादों, अन्य परिवहन उपकरणों और गैर-खाद्य वस्तुओं के विनिर्माण आदि की कीमतों में वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही।''



### सब्जियों के दाम में भारी गिरावट आई

थोक मूल्य सूचकांक के आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की कीमतों में मई में 1.56 प्रतिशत की गिरावट देखी गई, जबकि अप्रैल में इनमें 0.86 प्रतिशत की गिरावट आई थी। सब्जियों के दाम में भारी गिरावट आई। सब्जियां मई में 21.62 प्रतिशत सस्ती हुईं जबकि अप्रैल में इनकी कीमतें 18.26 प्रतिशत घटी थीं।

### कच्चे तेल व डॉलर का पड़ेगा दबाव

*अग्रवाल ने कहा, '' कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के साथ-साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में कुछ गिरावट से जून 2025 के लिए थोक मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति पर दबाव बढ़ेगा, जिसके जून 2025 में 0.6-0.8 प्रतिशत के आसपास रहने का अनुमान है।'' उद्योग मंडल पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने कहा कि थोक मुद्रास्फीति में गिरावट से कारोबारी धारणा को बढ़ावा मिलेगा क्योंकि इससे उत्पादन की लागत कम होगी।*

### मानसून की प्रगति जून के प्रारंभ से रूक गई

रेटिंग एजेंसी इक्रा के वरिष्ठ अर्थशास्त्री राहुल अग्रवाल ने कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून के शीघ्र आगमन के बावजूद इसकी प्रगति जून के प्रारम्भ में ही रुक गई, जो 15 जून 2025 तक के सामान्य स्तर से 31 प्रतिशत कम रही। मानसून का अस्थायी एवं स्थानिक वितरण फसल के पूर्वानुमान व परिणामस्वरूप खाद्य मुद्रास्फीति के लिए महत्वपूर्ण बना हुआ हैं उन्होंने कहा कि इजराइल और ईरान के बीच तनाव बढ़ने के बाद चालू महीने में कच्चे तेल की कीमतों में काफी तेजी से बढ़ोतरी हुई है।

### आरबीआई खुदरा मुद्रास्फीति पर गौर करता है

विनिर्मित उत्पादों में मुद्रास्फीति 2.04 प्रतिशत रही, जबकि अप्रैल में यह 2.62 प्रतिशत थी। ईंधन और बिजली में भी मई में मुद्रास्फीति 2.27 प्रतिशत रही जबकि अप्रैल में यह 2.18 प्रतिशत थी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) मौद्रिक नीति तैयार करते समय मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति पर गौर करता है।

### मुद्रास्फीति में नरमी से ब्याज दर में कटौती की गई

खुदरा मुद्रास्फीति मई में घटकर छह वर्ष के निचले स्तर 2.82 प्रतिशत पर आ गई, जिसका मुख्य कारण खाद्य कीमतों में नरमी रही। पिछले सप्ताह जारी आंकड़ों में यह जानकारी मिली। आरबीआई ने मुद्रास्फीति में नरमी के बीच इस महीने नीतिगत ब्याज दर में 0.50 प्रतिशत की भारी कटौती कर इसे 5.50 प्रतिशत कर दिया था।

## एपेक्स क्लासेस के दर्शित जैन नीट-2025 में 618 अंक के साथ बने छत्तीसगढ़ टॉपर



**भिलाई।** सिविक सेंटर भिलाई स्थित प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान एपेक्स क्लासेस ने एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करते हुए नीट 2025 परीक्षा में छत्तीसगढ़ टॉपर देने की परंपरा को कायम रखा है। संस्थान के होनहार विद्यार्थी दर्शित जैन ने 618 अंक अर्जित कर छत्तीसगढ़ में पहला स्थान हासिल किया है। इसके साथ ही उन्होंने ऑल इंडिया रैंक 524 प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर भी संस्थान और प्रदेश का नाम रोशन किया। एपेक्स क्लासेस के अन्य विद्यार्थियों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। खुशहाल धमेजा ने 606 अंक (रैंक 1009), सिमोन बगारिया ने 602 अंक (रैंक 1239), ओजस्वी जैन ने 596 अंक (रैंक 1650) और निशांत भट्ट ने 568 अंक (रैंक 5818) अर्जित किए। इसके अलावा सृजन चटर्जी (552), साक्षी ठाकुर (538), अक्षत पुरी (535), आकांक्षा सुनोव (524), राशि चंतारे (508), मोहनेश्वर (506), जलज सिन्हा (505), श्रुति सिंगरोल (504), मिनल साहू (501), इशिता यशवंत (501), संभावना सिंह (500), ज्योतिर्मयी विशोयी (495), खुशबु सोनी (481), हिमांशु सोनी (480), पाखी नायक (455), और भाविका मारकण्डेय (427) सहित कई छात्रों ने उल्लेखनीय अंक प्राप्त किए हैं। संस्थान के डायरेक्टर आशुतोष माहेश्वरी और विनय सिंह ने सभी सफल विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि छात्रों ने न केवल भिलाई बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ का नाम गौरवान्वित किया है।

## आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने किया 'आकाश इन्विक्टस कैंपस' का शुभारंभ



**नई दिल्ली।** देश की अग्रणी परीक्षा तैयारी संस्था आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने गगन विहार, नई दिल्ली में अपने नए और विशेष 'आकाश इन्विक्टस कैंपस' का शुभारंभ किया। यह अत्याधुनिक सुविधा जेईई की तैयारी कर रहे देश के सबसे प्रतिभाशाली छात्रों के लिए तैयार की गई है। नव-निर्मित इन्विक्टस कैंपस में 13 हाई-टेक क्लासरूम, उन्नत एआई-समर्थित लर्निंग टूल्स और व्यक्तिगत मार्गदर्शन पर आधारित शिक्षण प्रणाली उपलब्ध है।

यह परिसर दो शिफ्टों में लगभग 1,300 छात्रों को पढ़ाने की क्षमता रखता है। इसका उद्देश्य न केवल आईआईटी में प्रवेश दिलवाना है, बल्कि छात्रों को वैश्विक स्तर की शिक्षा देना भी है। एईएसएल के चीफ ऑफ अकैडमिक्स और बिज़नेस हेड डॉ. यशपाल ने कहा कि आकाश इन्विक्टस एक कोचिंग सेंटर नहीं, बल्कि जेईई टॉपर बनने की दिशा में एक परिवर्तनकारी यात्रा है। यह देश के 500 से अधिक शीर्ष फैकल्टी को एक साथ लाता है, जिन्होंने अब तक एक लाख से ज्यादा छात्रों को आईआईटी तक पहुंचाया है। इन्विक्टस पाठ्यक्रम को आकाश की अनुसंधान टीम द्वारा तैयार किया गया है और इसमें अध्यायवार अभ्यास वर्कशीट्स, क्यूआर कोड आधारित समाधान, तथा जेईई ओलंपियाड्स और पिछली परीक्षाओं का विश्लेषण शामिल है। छात्र रिकॉर्डेड वीडियो लेक्चर्स की सुविधा से कभी भी और कहीं भी पढ़ाई कर सकते हैं।

**डॉलर के मुकाबले रुपया आठ पैसे बढ़कर 86.03 पर बंद : मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया आठ पैसे की मजबूती के साथ 86.03 (अस्थायी) पर रहा। वैश्विक कच्चेतेल की कीमतों में गिरावट, कमजोर होते डॉलर और घरेलू शेयर बाजार में मजबूती के रुख के कारण रुपये में यह तेजी आई।


**:: आम सूचना ::**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता/ भूस्वामीगण श्री पंकज कुमार साहू व अन्य पिता-श्री भैयाराम साहू निवासी- ग्राम खम्हरिया तह पाटन जिला दुर्ग छ.ग. के हक, हित, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि मौजा ग्राम खम्हरिया प.ह.नं. 37 रा.नि.मं.- पाटन तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित है, जिसका खसरा नंबर 28/1 रकबा 0.4500 हेक्टयर है, को क्रय करने के लिए सौदा तय कर लिया गया हैं केवल बैनामा निष्पादन शेष हैं।

यह कि, उक्त वर्णित भूमि के संबंध व उपरोक्त संव्यवहार अथवा किसी अन्य कारण से किसी भी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, शासकीय या अर्धशासकीय निकाय, बैंक इत्यादी से उज्जर या आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मय सुसंगत दस्तावेज मेरे समक्ष प्रस्तुत कर पावती प्राप्त करें, ताकि उक्त भूमि का उचित निराकरण किया जा सके। निर्धारित समयावधी के पश्चात प्रस्तुत की गई आपत्ति/ दावा प्रभावहीन एवं शुन्य होगा तथा मेरा पक्षकार उक्त भूमि को अपने पक्ष मे विक्रय विलेख पंजीयन कराने के लिए स्वत्रंत होगा। सो सूचना जाने।

रायपुर (छ.ग.) दिनांक 16.06.2025

भवदीय
जगदीश मतवाले (अधिवक्ता)
ई 2-11, गुरु घासीदास कॉलोनी, न्यु राजेन्द्र नगर रायपुर (छ.ग.)
मो.नं.- 7974959767


**ओसवाल पंप्स को दूसरे दिन मिला 1.12 प्रतिशत अभिदान :** नई दिल्ली। ओसवाल पंप्स के 1,387 करोड़ रुपये के आईपीओ को पेशकश के दूसरे दिन सोमवार को को अब तक 1.61 गुना अभिदान मिला है। शेयर बिक्री में 1.62 करोड़ (1,62,12,980) शेयर के मुकाबले लगभग 2.61 करोड़ (2,61,58,080) शेयर के लिए बोलियां प्राप्त हुईं।

## एनएसई ने अदाणी ग्रीन को ईएसजी में शीर्ष रेटिंग दी

**नई दिल्ली।** अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की एक इकाई एनएसई सस्टेनेबिलिटी रेटिंग्स एंड एनालिटिक्स लिमिटेड ने उपयोगिताओं/बिजली क्षेत्र में ईएसजी रेटिंग में पहला स्थान दिया है। एजीईएल, एनएसई में राजस्व के आधार पर शीर्ष 100 सूचीबद्ध कंपनियों की ईएसजी रेटिंग में शीर्ष पांच में से एक है। एनएसई ने सूचीबद्ध कंपनियों के लिए हाल ही में अपनी ईएसजी रेटिंग शुरू की है। एनएसई की रेटिंग रेशनलाइज के अनुसार, एजीईएल पर्यावरण, सामाजिक और प्रशासन संबंधी मानकों पर अच्छा प्रदर्शन करती है। पर्यावरण संबंधी पहल अच्छी तरह से एकीकृत हैं।


**Government Of Maharashtra**
**Office Of The Executive Engineer**
**Public Works (Tribal) Division Chandrapur**

**E Tender Notice No. 20/2025-26**

Online E-Tenders of Percentage Rate in B-1 Form for the following work are invited by the Executive Engineer, Pablic Works (Tribal) Division, Civil Line, Chandrapur-442401 (Phone No.07172-270842, Email:: eetribal chandrapur@gmail.com) On Behalf of Tribal Development Department, Government of Maharashtra from Company/Contractor who Registered in Tribal Development Departments Document available and downloaded from Government website (https://mahatenders.gov.in) Right to reject any or all tender is reservered hy the competent authority. Conditional Tender will not be accepted.

| Sr. No. | Name of Work | Estimated Cost put to tender in (Rs.) | Class of Contractor | Bid Security in (Rs.) | Cost of Documents (Rs.) | Period of Compition |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Girls Hostel Building at Govt. Ashram school Yermagad Ta. Dhanora. Dist- Gadchiroli | 10,15,59,242 | Class I-C & Above | 5,08,000 | 3,540/- | 330 Days |
| 2 | Construction of Girls Hostel Building at Govt. Ashram school Gihati Ta. kurkheda, Dist- Gadchiroli | 10,07,21,509 | Class I-C & Above | 5,04,000 | 3,540/- | 330 Days |
| 3 | Construction of Boys Hostel Building at Govt. Ashram school Jambhulghat Ta. Chimur, Dist- Chandrapur | 9,24,80,338 | Class I-C & Above | 4,63,000 | 3,540/- | 330 Days |
| 4 | Construction of Boys Hostel Building at Govt. Ashram school Maregoan, Ta. Sindewahi, Dist- Chandrapur | 9,14,25,501 | Class I-C & Above | 5,58,000 | 3,540/- | 330 Days |
| 5 | Construction of Boys Hostel Building at Govt. Ashram school Dewada Ta. Rajura, Dist Chandrapur. | 9,04,46,029 | Class I-C & Above | 5,56,000 | 3,540/- | 330 Days |
| 6 | Construction of Boys Hostel Building at Govt. Ashram school Patan, Ta. Jivati, Dist- Chandrapur | 8,31,99,354 | Class I-C & Above | 4,16,000 | 3,540/- | 330 Days |
| 7 | Construction of Boys Hostel Building at Govt. Ashram school Yermagad Ta. Dhanora, Dist. Gadchiroli | 6,78,62,560 | Class II & Above | 3,40,000 | 3,540/- | 330 Days |
| 8 | Construction of Boys Hostel Building at Govt. Ashram school Angara Ta. Kurkheda, Dist. Gadchiroli | 6,73,80,603 | Class II & Above | 3,37,000 | 3,540/- | 330 Days |
| 9 | Construction of Boys Hostel Building at Govt. Ashram school Bhadbhidi Chamorshi Ta. Chamorshi, Dist- Gadchiroli | 6,65,65,934 | Class II & Above | 3,33,000 | 3,540/- | 330 Days |
| 10 | Construction of Boys Hostel Building at Govt. Ashram school Ghati Ta. Kurkheda, Dist, Gadchiroli | 6,63,60,993 | Class II & Above | 3,32,000 | 3,540/- | 330 Days |
| 11 | Construction of Boys Hostel Building (G+3) at Govt. Tribal Ashram School Jambia. Tal. Etapalli, Dist Gadchiroli | 5,78,23,614 | Class II & Above | 2,90,000 | 3,540/- | 330 Days |
| 12 | Construction of Boys Hostel Building (G+3) at Govt. Tribal Ashram School Kothi, Tal. Bhamragad, Dist Gadchiroli (Capacity 180 Students) | 5,04,36,065 | Class II & Above | 2,53,000 | 3,540/- | 330 Days |
| 13 | Construction of Boys Hostel Building (G+3) at Govt. Tribal Ashram School Guddigudam, Tal. Aheri, Dist Gadchiroli (Capacity 180 Students) | 4,63,41,287 | Class II & Above | 2,32,000 | 2,360/- | 330 Days |
| 14 | Construction of Girls hostel building (G+2) at Government Tribal Ashram School Bamni Tah. Sironcha Dist. Gadchiroli | 4,31,40,837 | Class II & Above | 2,16,000 | 2,360/- | 330 Days |
| 15 | Construction of Girls Hostel Building second floor with compound wall and internal road at Govt. Tribal Ashram School Amgaon, Tal. Amgaon, Dist. Gondia. | 3,88,96,048 | Class II & Above | 1,96,000 | 2,360/- | 330 Days |

| E-Tender Schedule | |
|---|---|
| Tender Document Sale Period | As Per website E-Tender Schedule |
| Prec Tender Conference | As Per webein E-Tender Schedule |
| Bid Opening | As Per website E-Tender Schedule |

**Further Information of Above e-Tender available At Following link**
1. (https mahatenders gov.in)
2 (Any Change in related Tender Notice will be mentioned at above web site)
3. Notice Board at Office Of Executive Engineer Public Works (Trihal) Division Chandrapur-442401

(Nitin Muttyalwar)
Executive Engineer,
Public Works (Tribal) Division
Chandrapur

DGIPR-2025-26/1177



**छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग**
सिंचाई कालोनी, शांति नगर, रायपुर-492001 दूरभाष क्र.-0771-4073568 फैक्स: 4073553
वेब साईट www.cserc.gov.in ई-मेल : cserc.sec.cg@nic.in

**भिलाई स्टील प्लान्ट टाउनशिप एरिया हेतु खुदरा विद्युत दर पर आपत्ति/सुझाव आमंत्रित करने एवं जन-सुनवाई हेतु सूचना**

विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 62 एवं 86(1)(ए) एवं छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (बहु-वर्षीय टैरिफ सिद्धांत के अनुसार टैरिफ के निर्धारण के नियम और शर्तें और टैरिफ और शुल्कों से अपेक्षित राजस्व के निर्धारण के लिए कार्यप्रणाली और प्रक्रिया) विनियम, 2021 के अनुपालन में बीएसपी-टीईईडी द्वारा वर्ष 2025-26 में खुदरा दर निर्धारण एवं वर्ष 2023-24 के ट्रू-अप हेतु छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के समक्ष याचिका प्रस्तुत की गई है जिसे याचिका क्रमांक 04/2025 के रूप में पंजीकृत किया गया है। याचिका पर आपत्ति/सुझाव आमंत्रित करने हेतु याचिका का सारांश दिनांक 06/03/2025 को समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया है। याचिका आयोग की वेबसाईट *www.cserc.gov.in* पर सारांश प्रकाशन की दिनांक से उपलब्ध है। यद्यपि याचिका पर आपत्ति/सुझाव प्रस्तुत करने हेतु पर्याप्त समय दिया गया था तथापि याचिका पर आपत्ति/सुझाव जन सुनवाई की तिथि तक प्रस्तुत की जा सकती है।

आयोग द्वारा उक्त याचिका पर आयोग के कोर्ट रूम में दिनांक 20/06/2025 समय सायं 05:00 बजे जन-सुनवाई की जावेगी। उपरोक्त जन-सुनवाई की तिथि में यदि कोई परिवर्तन होता है तो इसे आयोग की वेबसाइट *www.cserc.gov.in* के माध्यम से सूचित की जाएगी।

//Save Electricity//
सचिव



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग- बलौदाबाजार**
**जिला - बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
Office Phone. :- 07727-296695 Email ID :- ee-res.abhanpur@nic.in

**ई - निविदा आमंत्रण सूचना क्र. -03**
**(प्रथम बार)**

**क्रमांक/1661/निविदा/ग्रा. यां. से. / 2025-26बलौदाबाजार, दिनांक 13/06/2025**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा प्रतिशत दर पर दिनांक 24.06.2025 तक ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | ठेके की अनुमानित लागत (लाख में) | ऑनलाईन निविदा आमंत्रण की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 170026 | चैन लिंक्ड स्टील फैंसिंग कार्य शासकीय कृषि प्रक्षेत्र अर्जुनी, वि.ख.— बलौदाबाजार | 42.23 | 24.06.2025 |

2/ निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट 2.10 एवं निविदा दस्तावेज परिशिष्ट - 2.13) यथा संशोधित व अन्य जानकारी बेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in में अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 13.06.2025 से देखी जा सकती है।

(आर. आर. महिलांगे)
कार्यपालन अभियंता ग्रा.या. सेवा संभाग-
बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

G-252601552/2



JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?

वैदेही तुलसी कफ सीरप
नई एवं पुरानी खांसी, एलर्जी खांसी, श्वास, निमोनिया, कुकुरखांसी, टान्सिल, ब्रानकाटिस, सर्दी आदि में तेज असर कारक
2 वर्ष से बड़े बच्चों के लिए हानिरहित कफ सिरप
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राट व नींद

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग: • सिर, मुख एवं गले का कैन्सर। • ऑपरेशन द्वारा ईलाज • नाक की प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर की जाँच • एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments: • टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना • दांतो की नसों का इलाज • दांतों की सफाई व चमकाना • दंत प्रत्यारोपण • मुंह के कम खुलने का इलाज • (Hearing Aids) सुनाई मशीन

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयॉथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्ट्डी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपेथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

उपलब्ध विशेषताएं: • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. राजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

श्रीराम किंकर मेडीकल इंस्टीट्यूट
डॉ. नवनीत जैन एम.एस.- एडवांस लेप्रोस्कोपी एवं जनरल सर्जन (गोल्ड मेडलिस्ट)
डॉ. करूणा जैन एम.डी.- प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
लिली चौक, रायपुर - 492001 फोन : 0771-2536521, मो. 9329103589

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre Diabetic Clinic
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

डॉ. मनोज अग्रवाला एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक सेवाएं: • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

# महिला वनडे विश्व कप : भारत और पाकिस्तान के बीच 5 अक्टूबर को होगी जंग

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत का महिला एकदिवसीय विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ अहम मैच पांच अक्टूबर को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में तटस्थ स्थल पर खेला जाएगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने सोमवार इस विश्व कप के कार्यक्रम की घोषणा की।

इस साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी और उसके बाद के मैचों के लिए स्वीकार किए गए 'हाइब्रिड मॉडल' के अनुसार कोलंबो को तटस्थ स्थल के रूप में जोड़ा गया है। भारत ने तब आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी (पुरुष) के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने से मना कर दिया था। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 भारतीय पर्यटकों के मारे जाने के बाद ऐसी अटकलें थीं कि क्या आईसीसी भारत और पाकिस्तान के बीच राउंड रोबिन मैच का आयोजन करेगा? आईसीसी पिछले काफी समय से अपने सभी आयोजनों में भारत बनाम पाकिस्तान मैच को शामिल करता रहा है।

### 30 सितंबर को भारत का पहला मैच

आईसीसी ने सोमवार को कार्यक्रम जारी कर हालांकि सभी संदेहों को दूर कर दिया है। भारत अपने अभियान की शुरुआत 30 सितंबर को बेंगलुरु में श्रीलंका के खिलाफ करेगा। यह इस विश्व कप का उद्घाटन मैच होगा। टीम इसी मैदान पर 26 अक्टूबर को शुरुआती चरण के अपने आखिरी मैच में बांग्लादेश से भिड़ेगी। कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत के जश्न के दौरान हुई भगदड़ के बाद इस स्थल के मैचों की मेजबानी के अधिकार खोने की अफवाहों का खंडन हो गया।



### अपने सभी मैच कोलंबो में खेलेगा पाकिस्तान

पाकिस्तान हाइब्रिड मॉडल के अनुसार अपने सभी मैच कोलंबो में खेलेगा। भारत के खिलाफ मैच के अलावा टीम प्रेमदासा स्टेडियम में बांग्लादेश (दो अक्टूबर), ऑस्ट्रेलिया (आठ अक्टूबर), इंग्लैंड (15 अक्टूबर), न्यूजीलैंड (18 अक्टूबर), दक्षिण अफ्रीका (21 अक्टूबर) और श्रीलंका (24 अक्टूबर) के खिलाफ भी खेलेंगी।

### 2 नवंबर को फाइनल

पहला सेमीफाइनल 29 अक्टूबर को गुवाहाटी या कोलंबो में खेला जाएगा। यह टूर्नामेंट में पाकिस्तान की प्रगति पर निर्भर करेगा। दूसरा सेमीफाइनल 30 अक्टूबर को बेंगलुरु में होगा जबकि फाइनल दो नवंबर को बेंगलुरु या कोलंबो में होगा। इसका फैसला भी टूर्नामेंट में पाकिस्तान की स्थिति के मुताबिक होगा।

### राउंड-रॉबिन प्रारूप में मैच


भारत 2013 के बाद पहली बार इस वैश्विक आयोजन की मेजबानी कर रहा है। सभी आठ टीमें राउंड-रॉबिन प्रारूप में एक-दूसरे के खिलाफ खेलेंगी। इसमें शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी। मेजबान भारत के अलावा, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका ने विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफिकेशन हासिल किया जबकि पाकिस्तान और बांग्लादेश ने इस वर्ष की शुरुआत में लाहौर में क्वालीफायर के माध्यम से टूर्नामेंट में प्रवेश किया।



### भारत का कार्यक्रम

| दिनांक | टीमें | शहर |
|---|---|---|
| 30 सितंबर | भारत/श्रीलंका | बेंगलुरु |
| 5 अक्टूबर | भारत/पाकिस्तान | कोलंबो |
| 9 अक्टूबर | भारत/द.अफ्रीका | विशाखापत्तनम |
| 12 अक्टूबर | भारत/ऑस्ट्रेलिया | विशाखापत्तनम |
| 19 अक्टूबर | भारत/इंग्लैंड | इंदौर |
| 23 अक्टूबर | भारत/न्यूजीलैंड | गुवाहाटी |
| 26 अक्टूबर | भारत/बांग्लादेश | बेंगलुरु |

## खबर संक्षेप



### पांचवें स्थान पर रही टीम इंडिया एमजीडी1

**लंदन।** मुख्य रूप से भारतीय खिलाड़ियों से सजी टीम एमजीडी1 ने फिडे विश्व ब्लिट्ज टीम चैम्पियनशिप में टीम फ्रीडम को हराकर पांचवां स्थान हासिल किया। इससे पहले उसने यहां टूर्नामेंट में रैपिड वर्ग का खिताब जीता था। डब्लूआर चेस ने काज़चेस को हराकर 2023 में यह प्रतियोगिता शुरू होने के बाद से अपना दूसरा ब्लिट्ज़ खिताब हासिल किया।

### भारत की अंडर-23 पुरुष टीम घोषित

**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-23 पुरुष टीम के मुख्य कोच नौशाद मूसा ने सोमवार को ताजिकिस्तान और किर्गिज गणराज्य के खिलाफ आगामी मैत्री मैचों के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें सीनियर टीम के तीन खिलाड़ी भी शामिल हैं। अंडर-23 टीम: गोलकीपर: मो. अरबाज, प्रियांश दुबे, साहिल। डिफेंडर: विकास युमनाम, दिप्पेंदु बिस्वास, मुहम्मद साहीफ एपी, निखिल बारला, प्रमवीर, सुभम भट्टाचार्य, टेकचाम अभिषेक सिंह। मिडफील्डर: आयुष छेत्री, चिंगंगबाम शिवाल्डो सिंह, लालरेमत्लुआंगा फनाई, लालरिनलियाना हनामटे, मैकार्टन लुइस निकसन, मो. ऐमेन, विबिन मोहनन, विनिथ वेंकटेश। फॉरवर्ड: जोसेफ सनी, मोहम्मद सनन के, पार्थिब सुंदर गोगोई, सुहैल अहमद भट, थिंगुजम कोरू सिंह।

'केमिकल लगे तौलिये का इस्तेमाल' करके गेंद से छेड़छाड़ करने का आरोप

# अश्विन पर लगे गेंद से छेड़छाड़ के आरोप टीएनपीएल ने मदुरै पैंथर्स से मांगे सबूत

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

तमिलनाडु प्रीमियर लीग में आर अश्विन की अगुवाई वाली डिंडीगुल ड्रैगन्स के खिलाफ सीचम मदुरै पैंथर्स ने गेंद से छेड़छाड़ के आरोप लगाए हैं। आयोजकों ने 'मैच खत्म होने के बाद और अटकलबाजी की तरह लग रहे' आरोपों के लिए सबूत पेश करने का निर्देश दिया है। पैंथर्स ने ड्रैगन्स पर 14 जून को सलेम में हुए मैच के दौरान 'केमिकल (रसायन) लगे तौलिये का इस्तेमाल' करके गेंद से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। यह समझा जाता है कि इन तौलियों को राज्य क्रिकेट संघ ने गेंद के गीला होने पर उसे पोंछने के लिए मुहैया कराया था। गेंद को सुखाने का काम मैदानी अंपायरों की मौजूदगी में किया गया।

टीएनपीएल ने ऐसे में पैंथर्स से अपने आरोपों को 'पुष्ट' करने के लिए जल्द से जल्द सबूत पेश करने को कहा है। टीएनपीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) प्रसन्ना कन्नन ने पैंथर्स को भेजे ईमेल में लिखा, 'आरोप बाद में लगाए गए। यह बिना किसी सबूत के अटकलों पर आधारित लग रहे हैं। यह पूरी तरह से टीम के आंतरिक संचार पर आधारित प्रतीत होते हैं।' कन्नन ने आगे कहा कि मैच के दौरान या बाद में मैदानी अंपायरों या मैच रेफरी द्वारा कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई। पता चला है कि टीएनपीएल इस मुद्दे पर चर्चा के लिए एक आंतरिक समिति गठित करने जा रहा है।



### सबूत नहीं मिले तो पैंथर्स पर लगेगा जुर्माना

कन्नन ने कहा, 'अगर दावों में कोई दम है तो हम एक स्वतंत्र समिति का गठन करेंगे। बिना पर्याप्त सबूत के किसी खिलाड़ी या फ्रेंचाइजी के खिलाफ ऐसे आरोप लगाना अनुचित है। अगर कोई सबूत पेश नहीं किया जाता है, तो मदुरै पैंथर्स को प्रतिबंधों का सामना करना पड़ेगा।' प्रसन्ना ने यह भी स्पष्ट किया कि टीएनपीएल ने अंपायरों के सामने गेंद सुखाने के लिए लीग द्वारा उपलब्ध कराए गए तौलिये के इस्तेमाल की अनुमति दी है। यह निर्णय लीग के शेड्यूल को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, जो तमिलनाडु में मानसून के मौसम के साथ मेल खाता है।

### तौलिये के स्रोत की करें जांच

पैंथर्स के सीईओ महेश एस ने टीएनपीएल को पत्र लिखकर गत चैंपियन ड्रैगन्स द्वारा गेंद से 'स्पष्ट' छेड़छाड़ का दावा किया। अपने पत्र में महेश ने टीएनपीएल के शीर्ष अधिकारियों से तौलिये के स्रोत की जांच करने को भी कहा। सलेम क्रिकेट फाउंडेशन ग्राउंड में हुए इस मैच में ड्रैगन्स ने पैंथर्स को नौ विकेट से हराया।

### अश्विन को नहीं मिला विकेट

पहले बल्लेबाजी करते हुए पैंथर्स ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 150 रन बनाए। अश्विन को कोई विकेट नहीं मिला और उन्होंने अपने चार ओवर में 27 रन दिए। उन्होंने हालांकि सलामी बल्लेबाज के तौर पर बल्लेबाजी करते हुए 29 गेंदों में 49 रन बनाए और ड्रैगन्स ने 12.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।

### पहले भी विवाद में फंसे अश्विन

बता दें कि इससे पहले, 6 जून को एक मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति जताने के कारण अश्विन पर 30% मैच फीस का जुर्माना लगाया गया था। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ था। बता दें कि अश्विन ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा था। आईपीएल में उन्होंने चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए खेला था, लेकिन उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था।

टेनिस

## क्वालीफायर मारिया ने 37 साल की उम्र में जीता क्वींस क्लब का खिताब



एजेंसी ▶▶| लंदन

जर्मन क्वालीफायर तात्याना मारिया ने विंबलडन के अभ्यास टूर्नामेंट क्वींस क्लब में जीत हासिल करके अपने करियर का सबसे बड़ा खिताब जीतने के साथ खुद को 'क्वीन ऑफ क्वींस' साबित किया।

दो बच्चों की 37 वर्षीय मां मारिया ने लंदन में ग्रास कोर्ट पर खेले गए इस टूर्नामेंट के फाइनल में आठवीं वरीयता प्राप्त अमांडा अनिसिमोवा को 6-3, 6-4 से हराकर अपना पहला डब्ल्यूटीए 500 खिताब जीता। विश्व रैंकिंग में 86वें नंबर की खिलाड़ी मारिया ने अपनी बेटियों चार्लोट और सेसिलिया तथा अपने पति और कोच चार्ल्स एडौर्ड मारिया के सामने जीत हासिल की।

मारिया ने कहा, 'यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैं एक अच्छा उदाहरण हूं कि मेरी उम्र में भी आप बड़ी ट्रॉफियां जीत सकते हैं। मुझे खुद पर बहुत गर्व है।' उन्होंने अपने चौथे डब्ल्यूटीए खिताब की राह में कैरोलिना मुचोवा, एलेना रयबाकिना और मैडिसन कीज़ सहित विश्व रैंकिंग में शीर्ष 20 में शामिल चार खिलाड़ियों को हराया।

### भारत को अर्जेंटीना के खिलाफ जीत की उम्मीद



**लंदन।** यूरोपीय चरण की शुरुआत दो करीबी हार के साथ करने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग में दुनिया की दूसरे नंबर की टीम अर्जेंटीना के खिलाफ लगातार दो मैच में वापसी करने के लिए बेताब है। सलीमा टेटे की अगुआई वाली भारतीय टीम सप्ताहांत हुए दो मैच में ऑस्ट्रेलिया से 1-2 और 2-3 से हार गई और उनके पास अर्जेंटीना की मजबूत टीम का सामना करने से पहले खुद को फिर से संगठित करने के लिए बहुत कम समय होगा। अर्जेन्टीना ने अब तक अपने 12 लीग मैच में से सात जीते हैं।

दिग्गजों की राय

## इंग्लैंड जीतेगा टेस्ट श्रृंखला युवा भारत देगा कड़ी चुनौती



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन का मानना है कि अगर भारत लीड्स और मैनचेस्टर में मैच जीतने में सफल रहता है तो उसके पास इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला जीतने का शानदार मौका होगा। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने पांच मैच की श्रृंखला में मेजबान टीम को 3-2 से जीत का दावेदार बताया। भारत और इंग्लैंड पांच मैचों की श्रृंखला के साथ अपने नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत करेंगे। इस श्रृंखला का पहला मैच शुक्रवार से लीड्स में खेला जाएगा। मैनचेस्टर 23 जुलाई से चौथे टेस्ट की मेजबानी करेगा। हेडन ने जियो हॉटस्टार पर कहा, 'मुझे नहीं लगता कि इंग्लैंड के गेंदबाज इतने अच्छे हैं। उसके कई गेंदबाज चोटिल हैं और कई खिलाड़ी संन्यास ले चुके हैं। उसके लिए यही बड़ी चुनौती होगी। उत्तरी इंग्लैंड में होने वाले टेस्ट मैच काफी महत्वपूर्ण होंगे। भारत अगर इन मैच में जीत हासिल कर लेता है तो वह श्रृंखला अपने नाम कर सकता है।'

### सभी मैच करीबी होंगे : स्टेन

स्टेन ने भारत को हारा हुआ नहीं माना, लेकिन इंग्लैंड को जीत का दावेदार बताया। उन्होंने कहा, 'भारतीय टीम काफी युवा है। यह कहा जा सकता है कि इंग्लैंड श्रृंखला जीतने जा रहा है, लेकिन यह बिना संघर्ष के नहीं होने वाला है। मुझे लगता है कि एक या दो टेस्ट ऐसे होंगे जिन्हें भारत अपने नाम कर सकता है। सभी मैच करीबी होंगे। लेकिन हर मैच का नतीजा निकलेगा।

## वेस्टइंडीज ने आयरलैंड को हराकर जीती टी20 श्रृंखला

**ब्रेडी।** वेस्टइंडीज ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना दूसरा सर्वोच्च स्कोर बनाया और आयरलैंड को 62 रन से हराकर बारिश से प्रभावित तीन मैचों की श्रृंखला 1-0 से जीती। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए एविन लुईस (91 रन) और कप्तान शाई होप (51 रन) के बीच पहले विकेट के लिए 10.3 ओवर में 122 रन की साझेदारी की मदद से पांच विकेट पर 256 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने कुल 20 छक्के लगाए। लुईस ने आठ जबकि होप और कीसी कार्टी ने चार-चार छक्के लगाए। कार्टी ने 22 गेंदों पर नाबाद 49 रन का योगदान दिया। आयरलैंड इसके जवाब में सात विकेट पर 194 रन ही बना पाया। उसकी तरफ से रॉस अडायर (48 रन) और हैरी टेक्टर (38 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 101 रन की साझेदारी की। पहला और दूसरा मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया था।



## एशियाई कप 2026 क्वालीफायर के लिए 24 सदस्यीय टीम घोषित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चोटों के कारण तीन फारवर्ड खिलाड़ियों को खोने के बाद भारतीय सीनियर महिला टीम के मुख्य कोच क्रिस्पिन छेत्री ने सोमवार को एएफसी महिला एशियाई कप ऑस्ट्रेलिया 2026 क्वालीफायर के लिए थाईलैंड जाने वाली 24 सदस्यीय टीम की घोषणा की।

क्वालीफायर के लिए 23 खिलाड़ियों की अंतिम टीम की घोषणा पहले मैच से पूर्व की जाएगी। भारतीय टीम को क्वालीफायर के ग्रुप बी में रखा गया है जहां उनका सामना मंगोलिया (23 जून), तिमोर लेस्ते (29 जून), इराक (दो जुलाई) और मेजबान थाईलैंड (पांच जुलाई) से होगा। ग्रुप विजेता मार्च 2026 में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले मुख्य टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगे। महिला एशियाई कप फीफा महिला विश्व कप ब्राजील 2027 का भी क्वालीफायर है।



### टीम इस प्रकार है

**गोलकीपर:** एलंगबाम पंथोई चानू, मोइरांगथेम मोनालिशा देवी, पायल बसुदे। **डिफेंडर:** हेमाम सिल्की देवी, किरण पिस्दा, मार्टिना थोकचोम, नगंगबाम स्वीटी देवी, फंजौबाम निर्मला देवी, पूर्णिमा कुमारी, संजू, सोरोखैबम रंजना चानू। **मिडफील्डर:** अंजू तमांग, ग्रेस डांगमेई, कार्तिका अंगमुथु, नोंगमैथेम रतनबाला देवी, प्रियदर्शिनी सेलाडुरई, संगीता बासफोर। **फारवर्ड:** लिंडा कोम सर्टो, मालविका पी, मनीषा कल्याण, मनीषा नाइक, प्यारी शाशा, रिम्पा हलदर और सौम्या गुगुलोथ।

कोई भी खिलाड़ी अतिरिक्त सत्र खेलने से वंचित न रहे

## बीसीसीआई आयु निर्धारण के लिए कराएगा अतिरिक्त अस्थि परीक्षण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने एक महत्वपूर्ण कदम के तहत जूनियर स्तर पर खिलाड़ियों का अतिरिक्त अस्थि परीक्षण (बोन टेस्ट) कराने का फैसला किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी खिलाड़ी अतिरिक्त सत्र खेलने से वंचित न रहे। मौजूदा मानदंडों के अनुसार खिलाड़ी टीडब्ल्यू3 विधि के माध्यम से आयु निर्धारण के लिए अस्थि परीक्षण से गुजरता है। इसमें उसके उम्र का आकलन अस्थि परीक्षण की उम्र में एक जोड़कर किया जाता है। नियम में बदलाव के साथ हालांकि अंडर 16 लड़कों की श्रेणी में किसी क्रिकेटर को अगले सत्र में उसी आयु वर्ग में खेलने की अपनी पात्रता निर्धारित करने के लिए दूसरे अस्थि परीक्षण से गुजरना होगा। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, 'ऐसा सटीक उम्र जानने के साथ यह सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है कि कोई भी खिलाड़ी वैज्ञानिक गणना के बजाय गणितीय गणना के कारण खेलने से ना चूके।'



### एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लांच में देरी



**लंदन।** अहमदाबाद में हाल में हुए विमान हादसे के कारण भारत और इंग्लैंड के बीच आगामी टेस्ट श्रृंखला के लिए एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के अनावरण में देरी हो गई। पूर्व भारतीय कप्तान मंसूर अली खान पटौदी के सम्मान में इसे पहले पटौदी ट्रॉफी कहा जाता था, लेकिन अब इसका नाम बदलकर एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी कर दिया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा, 'एटीटी ट्रॉफी के अनावरण में अहमदाबाद में हाल में हुई दुर्घटना के कारण देरी हुई है। इसे रद्द नहीं किया गया है। उम्मीद है कि श्रृंखला शुरू होने से पहले ट्रॉफी का अनावरण कर दिया जाएगा।'

**छत्तीसगढ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड, सिलतरा**

// बिजली बंद की सूचना //

समस्त सम्माननीय निम्नदाब उपभोक्ताओ को सूचित किया जाता है कि दिनांक 18.06.2025 को 220 के.व्ही. उपकेन्द्र सिलतरा में अति आवश्यक रख-रखाव का कार्य एवं अति उच्चदाब लाईन के विस्तार कार्य किया जाना प्रस्तावित है, जिसके कारण दिनांक 18.06.2025 दिन बुधवार को समय सुबह 10:00 बजे से शाम 06:00 बजे तक सिलतरा एवं आस-पास के अति उच्चदाब, उच्चदाब, निम्नदाब उपभोक्तओ एवं सिलतरा संभाग के अंतर्गत आने वाले सभी ग्राम प्रभावित होगी, आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

विद्युत संबंधित शिकायतें केन्द्रीकृत कॉल सेन्टर के फोन नं. 1912 पर दर्ज कराऐं।

"असुविधा के लिए खेद है"
संवाद-

कार्यपालन अभियंता (सं./सं.) संभाग
छ.स्टे.पा.डि.कं.लि. सिलतरा

FORM NO. IV
[See Sub Rule 2(a) of Rule 5]
PUBLICATION
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, JABALPUR
2nd & 3rd Floor, Sanchar Vikas Bhavan (BSNL Building), Near Head Post Office, Residency Road, Jabalpur (M.P.)- 482001
ORIGINAL APPLICATION NO. 854/2024

ICICI Bank LTD. ...Applicant(s)
Versus
VED PRAKASH & OTHERS ...Respondent(s)

To,
1. Ved Prakash S/o Shri Surendra Singh, R/o House No. 648, L Street 37 Smriti Nagar, Bhilai, District Durg (CG)
2. Tushar Kumar Singh S/o Shri Surendra Singh, R/o Near KV No.1, Pawar Ganj, Bageshwari Road, District Gaya, Bihar

Whereas, OA No. 854/2024 was listed before Hon'ble Presiding Officer on 31/07/2024.
Whereas this Hon'ble Tribunal please to issue summons/notice on the said Application under 19 (4) of the Act (OA) filed against you for recovery of debts of Rs. 25,83,324/- (application along with copies of documents etc. annexed).
In accordance with sub section (4) of section 19 of the Act, you, the defendants are directed as under:-
(1) To show case within thirty days of the service of summons as to why relief prayed for should not be granted;
(2) To disclose particulars of properties or assets other than properties and assets specified by the applicant under serial number 3A of the Original Application;
(3) you are restrained from dealing without disposing of secured assets or such other assets and properties disclosed under serial number 3A of the original application, pending hearing and disposal of the application for attachment of properties;
(4) You shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, except in the ordinary course of his business any of the assets over which security interest is created and/or other assets and properties specified or disclosed under serial number 3A of the Original Application without the prior approval of the Tribunal;
(5) You shall be liable to account for the sale proceeds realized by sale of secured assets or other assets and properties in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with the bank or financial institutions holding security interest over such assets.
(6) You are also directed to file the written statement with a copy thereof furnished to the applicant and to appear 12.09.2025 at 11:00 AM failing which the application shall be heard and decided in your absence.
Given under my hand and seal of the Tribunal on this 2nd day of June, 2025.

Authorized Officer




# दुनिया का सबसे पहला देश, जिसके झंडे पर बना है उसका पूरा मानचित्र



**निकोसिया।** हाल ही में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साइप्रस की यात्रा की। यूरोप और एशिया के बीच भूमध्य सागर में यह छोटा सा द्वीप में बसा देश कई तरह से खास है। प्रधानमंत्री मोदी पहली बार जरूर साइप्रस गए। पीएम मोदी की इस यात्रा की वजह से साइप्रस से जुड़ी कई चीजों की चर्चा है। इसमें वहां का झंडा भी शामिल है जो कि एक लिहाज से दुनिया में सबसे खास माना जाता है। यह दुनिया का ऐसा झंडा है जिसमें अपने देश का ही नक्शा दिखाई देता है।

## झंडे की अहमियत

किसी देश का झंडा केवल उसे ही प्रदर्शित नहीं करता है, बल्कि उसकी विचारधारा और नजरिए को भी दर्शाता है। जिस तरह देश का इतिहास होता है, उसी तरह उसके झंडे का भी इतिहास होता है एक कहानी होती है। दुनिया का हर देश चाहता है कि उसका झंडा दूसरे देशों के झंडे से अलग सा दिखे। इसके लिए उसे खास तौर पर डिजाइन करवाया जाता है। कई डिजाइन में से एक पसंद की जाती है। पर कुछ झंडे दुनिया में वाकई अनूठे होते हैं। कोई त्रिकोण के आकार का एकमात्र झंडा (नेपाल) है तो कोई किसी वजह से खास। लेकिन, इन दिनों साइप्रस की झंडा की खासियत भी चर्चा में है।

## कैसा साइप्रस का झंडा?



साइप्रस का झंडा सफेद रंग का है, जिसमें दो जैतूनकी पत्तियों की टहनियां बनी हैं। इनके ऊपर साइप्रस द्वीप का नक्शा बना है, जो द्वीप और देश की एकता को प्रदर्शित करती है। इस तरह से यह दुनिया का एकमात्र झंडा बना जिसमें देश का नक्शा बना हुआ है। जैतून की पत्तियों की दो टहनी साइप्रस के दो हिस्सों के बीच एकता जोड़ने का संकेत देती है।

## साइप्रस के दो हिस्से

साइप्रस के सांस्कृतिक तौर पर दो हिस्से हैं। एक ग्रीक और एक तुर्की वाले हिस्से। वैसे तो देश में दोनों ही संस्कृति के लोग रहते हैं, पर 1960 में ब्रिटेन से आजाद होने के बाद तुर्किये ने साइप्रस पर हमला कर इसके उत्तरी हिस्सों में अपना वर्चस्व बढ़ाया और 1974 में यहां सेना तक भेज दी। आज तक उत्तरी साइप्रस का विवाद नहीं सुलझा है। साइप्रस तुर्किये की दुखती रग है। जब भी तुर्की कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान का समर्थन करता है, तो भारत बदले में उसे साइप्रस विवाद की याद दिला देता है।

## एक और है ऐसा देश

एक दिलचस्प पहलू ये भी है आज साइप्रस का झंडा दुनिया का एकमात्र ऐसा झंडा नहीं है जिस पर उसका नक्शा है। 2008 में कोसोवो ने भी ऐसा ही झंडा अपनाया है, जिसमें उसका नक्शा मौजूद है। बस कोसोवे के झंडे का रंग नीला है, जबकि साइप्रस का झंडा सफेद रंग का है। इस तरह अब दुनिया में ऐसे दो देश हैं, जिनके झंडे में उनका नक्शा है। इतना ही नहीं, यहां के लोगों को छूट है कि वे साइप्रस के झंडे के साथ यूनान या तुर्किये का भी झंडा लगा सकते हैं। साइप्रस अपने कुदरती खूबसूरती के अलावा कई चीजों के लिए मशहूर है। इनमें वाइन और परफ्यूम खास है। यहां दुनिया की सबसे पुरानी वाइन मिलती है और साथ ही यहां पर दुनिया की सबसे पुरानी परफ्यूम भी मिलती है।

## ● रोचक खबरें



### बंदर ने लूटे 500 के नोट, फिर यूं पेड़ पर चढ़कर की पैसों की बारिश

**चेन्नई।** आपने वृंदावन के बंदरों के कारनामे तो सुने ही होंगे। जी हां, वही शरारती बंदर जो भक्तों से सामान छीनकर फ्रूटी मिलने पर ही लौटाते हैं। लेकिन, क्या आप साउथ को कुख्यात बंदरों से वाकिफ हैं? तमिलनाडु के मशहूर टूरिस्ट स्पॉट कोडईकनाल से एक ऐसा ही चौंकाने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जहां बंदर एक पर्यटक के हाथ से न सिर्फ 500 रुपए के नोटों का बंडल छीन लिया, बल्कि पेड़ पर चढ़कर पैसों को उड़ा भी दिया।यह घटना कोडईकनाल की गुना गुफाओं के आसपास की बताई जा रही है, जहां कर्नाटक के एक व्यक्ति के साथ यह अजीब वाकया हुआ। वायरल हो रहे वीडियो में आप एक बंदर को पेड़ पर बैठा हुआ देख सकते हैं। उसके हाथ में 500 रुपए के नोटों का एक बंडल है, जो रबर से बंधा हुआ है। इसके बाद बंदर बंडल से एक-एक नोट निकालकर उसे पेड़ से गिराना शुरू कर देता है, और कुछ ही सेकंड में सारे नोट उड़ा देता है। वीडियो की शुरुआत में पेड़ पर बैठा बंदर बड़े आराम से नोटों के बंडल से नोट निकालते हुए दिखाई दे रहा है।

### 5 मिनट में खा गए 32 आम, प्रतियोगिता में सेकंड-थर्ड विनर भी कम नहीं

**मधुबनी।** जिले के सरसोंपाही गांव स्थित सर गंगानाथ झा वाचनालय में इस वर्ष भी मिथिला मैंगो फेस्टिवल का आयोजन किया गया। हर साल की तरह इस बार भी लोगों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। खास आकर्षण रहा आम खाओ प्रतियोगिता, जिसमें छोटे-बड़े, युवा-बुजुर्ग सभी ने भाग लिया और खूब मनोरंजन भी हुआ। प्रतियोगिता में सबसे ज़्यादा आम खाकर पहला स्थान हासिल किया ईशान कुमार ने, जिन्होंने मात्र 5 मिनट में 32 आम खाकर सबको चौंका दिया। दूसरा स्थान राजेश मंडल ने 26 आम खाकर हासिल किया। वहीं, हर्ष नाथ झा ने 22 आम खाकर तीसरे स्थान पर कब्जा जमाया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और शहरी लोगों को एक साथ जोड़ना, परंपरागत खानपान को बढ़ावा देना और डिजिटल दुनिया से कुछ देर के लिए बाहर लाना है।



### चेहरा गोरा और हाथ काले, हैवी मेकअप देख लोगों ने कहा-दूल्हे के साथ धोखा

**नई दिल्ली।** शादी के सीजन में सोशल मीडिया पर शादी से जुड़े वीडियो की बाढ़ आ जाती है। हाल ही में ऐसा ही एक वीडियो जबरदस्त वायरल हो रहा है, जिसमें दुल्हन के मेकअप ने लोगों को हैरान कर दिया है। वीडियो में दुल्हन का चेहरा तो एकदम गोरा और चमकदार नजर आता है, लेकिन जैसे ही कैमरा उसके हाथों की तरफ घूमता है, असली रंग सामने आ जाता है, जिससे चेहरे और हाथों की रंगत में साफ फर्क दिखता है। इस वीडियो में दूल्हा-दुल्हन स्टेज पर बैठे हैं और चारों तरफ शादी का माहौल सजा है। दुल्हन पूरी तैयारी के साथ बैठी है, मगर मेकअप की परतों के नीचे उसका असली रंग छुपा है। जैसे ही लोगों को चेहरा और हाथों का फर्क नजर आता है, सोशल मीडिया यूजर्स मजेदार और चटपटे कमेंट्स करने लगते हैं। लोग दूल्हे की हालत पर मजाक उड़ाते हुए कह रहे हैं कि उसके साथ धोखा हो गया।




# 450 ने दिया इंटरव्यू, सब के सब फेल, एआई को ठहराया जिम्मेदार

नई दिल्ली। सोशल मीडिया पर एक खबर तेजी से वायरल हो रही है। एक टेक कंपनी ने जानकारी दी है कि उन्होंने 450 कैंडिडेट्स के इंटरव्यू लिए थे। ये सभी इंटरव्यू एक ही पद के लिए थे। कैंडिडेट्स की इस भीड़ में से कंपनी किसी को भी पास नहीं कर पाई। दावा किया जा रहा है कि सभी कैंडिडेट्स ने कोडिंग के लिए एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल किया था। इसीलिए, कंपनी ने सबको रिजेक्ट कर दिया।

## 20 लाख तक मिल जाती सैलरी

इनमें से किसी भी कैंडिडेट ने इंटरव्यू क्वॉलिफाई कर लिया होता तो उसे डिग्री और अनुभव के आधार पर 20 लाख तक की सैलरी ऑफर की जाती। टेक कंपनी ने जूनियर फ्रंटएंड/बैकएंड डेवलपर और क्यूए रोल्स के लिए लिंक्डइन पर वैकेंसी पोस्ट शेयर किया था। कंपनी ने 12 हजार एप्लिकेंट्स में से 10 हजार को पहले ही फिल्टर कर दिया था। किसी का स्किल सेट अधूरा था तो किसी का रिज्यूमे पोस्ट के हिसाब से फिट नहीं बैठ रहा था।



## कंपनी ने दी थी एआई की इजाजत

एक अनाम यूजर ने कंपनी की तरफ से लिखा कि उन्होंने कैंडिडेट्स को चैटजीपीटी इस्तेमाल करने का ऑप्शन दिया था। लेकिन, जब कोडिंग रिजल्ट आने के बाद उससे जुड़े बेसिक्स पूछे गए तो कैंडिडेट्स सही से जवाब नहीं दे पाए। इससे हायरिंग टीम को समझ में आया कि ज्यादातर उम्मीदवारों ने कोडिंग की एक भी लाइन समझे बिना सिर्फ कॉपी-पेस्ट पर ही फोकस किया था।

## लोगों ने कंपनी पर उठा दिए सवाल

इस पोस्ट के कमेंट सेक्शन में कई यूजर्स ने कंपनी के हायरिंग प्रोसेस पर ही सवाल खड़े कर दिए। उन्होंने लिखा कि कंपनी को अपने सिस्टम में बदलाव करना चाहिए। 450 इंटरव्यू में समय बर्बाद करने से बेहतर था कि कोई दूसरी स्ट्रैटेजी अपनाते। वहीं, कई यूजर्स कंपनी के सपोर्ट में भी नजर आए।लोगों ने लिखा कि एआई पर इतनी निर्भरता भी सही नहीं है, लेकिन आजकल के लोग इस बात को समझते नहीं हैं। आपको अपनी फील्ड से जुड़े बेसिक्स की समझ तो होनी चाहिए।

दुनियाभर के 100 करोड़ मरीजों के लिए खुशखबरी

# अब टखने से पता चलेगा आपके ब्लड प्रेशर का हाल

**लंदन।** एक्सेटर मेडिकल स्कूल विश्वविद्यालय के नए शोध ने 33,000 से ज्यादा लोगों के डेटा को एनालाइज किया, जिससे टखने की रीडिंग से हाथ के ब्लड प्रेशर को ज्यादा सटीक अनुमान लगाने के लिए मॉडल बनाया जा सके। शोधकर्ताओं की टीम ने हेल्थ प्रोफेशनल्स और मरीजों के लिए इन रीडिंग्स को प्रभावी ढंग से समझने के लिए एक ऑनलाइन कैलकुलेटर बनाया। हाई ब्लड प्रेशर ने दुनिया भर में 100 करोड़ से ज्यादा लोगों को प्रभावित कर रखा है।



## आसान होगी ब्लड प्रेशर की जांच


यूनिवर्सिटी ऑफ एक्सेटर मेडिकल स्कूल के प्रोफेसर क्रिस क्लार्क के नेतृत्व में ये अध्ययन किया गया और उन्होंने कहा कि, हमारी नई विधि लगभग दो प्रतिशत ज्यादा लोगों के लिए ज्यादा सटीक ब्लड प्रेशर रीडिंग देगी।

## कैसे है फायदेमंद?

एनएचएस हेल्थ प्रोग्राम की मदद से अकेले इंग्लैंड में ही हर साल 38,000 नए मामलों का निदान किया जाता है। शोधकर्ताओं ने दुनिया भर में 33,710 लोगों से हाथ और टखने के ब्लड प्रेशर रीडिंग का इस्तेमाल किया, जिससे हाथ और टखने के ब्लड प्रेशर के बीच का संबंध समझने, टखने के ब्लड प्रेशर का इस्तेमाल करके हाथ के ब्लड प्रेशर की भविष्यवाणी करने और टखने के ब्लड प्रेशर रीडिंग की मदद से स्वास्थ्य की जानकारी लेने में मदद मिल सके।

# समुद्र की गहराइयों में मिला एलियन जैसा जीव चुटकियों में बदल लेता है अपना आकार

**केनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के तट पर एक नया और अजीबोगरीब ऑक्टोपस मिला है जो आकार में बहुत ही छोटा है। इसकी लंबाई सिर्फ 4 सेंटीमीटर होती है। इस ऑक्टोपस को जो सबसे अलग बनाता है, वह है इसका रंग और आकार। इसका रंग नारंगी और खून जैसे लाल टेंटैकल होते हैं। वैज्ञानिकों ने इसे फ्लैपजैक ऑक्टोपस का नाम दिया है। इस ऑक्टोपस की सबसे बड़ी खासियत है इसके आकार बदलने की क्षमता। एक पल को यह किसी छोटे पैनकेक जैसे दिखता है तो अगले ही पल अपना आकार बदल कर जेली जैसा कर लेता है। इसकी आंखें बड़ी-बड़ी हैं जो कम रोशनी में भी शिकार करने में मदद करती हैं।



## नई प्रजाति

वैज्ञानिकों ने जानकारी साझा कर बताया कि यह फ्लैपजैक ऑक्टोपस असल में डम्बो ऑक्टोपस की ही नई प्रजाति है। इस डम्बो ऑक्टोपस का नाम इसलिए दिया गया, क्योंकि इसके सिर पर 2 बड़े फ्लैप होते हैं। ये फ्लैप किसी पंख जैसे लगते हैं। ऑस्ट्रेलिया में डम्बो ऑक्टोपस की 15 से ज्यादा प्रजातियां पाई जाती हैं। एक रिसर्च जहाज ने पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के समुद्र में गहराई से इस जीव को खोजा।

## हजार और नए जीव मिलेंगे

आपको बता दें कि यह खोज 2022 के समुद्री अभियान का हिस्सा थी। अनुसंधान पोत अन्वेषक ने गैस्कोइन और कार्नार्वोन कैन्यन मरीन पार्क की गहराई को पहली बार इतनी विस्तार से मापा। इस अभियान के माध्यम से वैज्ञानिकों ने अब तक 10 नई प्रजातियों की खोज की है। डॉ. वेनेटिया जोस्सेलिन के अनुसार यह अभियान समुद्रों के रहस्यों को खोलने की तरफ बड़ा कदम साबित हो सकता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि आने वाले कुछ सालों में ऐसे ही और हजारों नए समुद्री जीव मिल सकते हैं।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com